रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-09032022-234017
CG-DL-E-09032022-234017

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 131] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 9, 2022/ फाल्गुन 18, 1943
No. 131] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 9, 2022/PHALGUNA 18, 1943

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली 9, मार्च, 2022

फा. सं. 18-12/2021-बी.यू.एस.एस (एस.आई.डी.-यूजी-एम.एस.ई).—भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) की धारा 55 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आयोग निम्न विनियमों का निर्माण करती हैं, अर्थात्:-

1 **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ**.- (1) इन विनियमों को **भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय सिद्धा शिक्षा के न्यूनतम मानक), विनियम 2022 कहा जाऐगा।**

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

2 **परिभाषाएं.-** (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(i) "अधिनियम" का अर्थ भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) अभिप्रेत है।

(ii) "अनुलग्नक" का अर्थ इन विनियमों के साथ संलग्न अनुलग्नक है:

(iii) "परिशिष्ट" का अर्थ इन विनियमों के साथ संलग्न परिशिष्ट है।

(2) यहां प्रयुक्त हुए और परिभाषित न किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का अधिनियम में परिभाषित वही अर्थ होगा जो क्रमशः उन्हें अधिनियम में सौंपे गए हैं।

3 **बैचलर ऑफ सिद्धा मेडिसिन एण्ड सर्जरी प्रोग्राम.**- सिद्धा शिक्षा में स्नातक अर्थात्, बैचलर ऑफ सिद्धा मेडिसिन एण्ड सर्जरी (**बी.एस.एम.एस.**) स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए कुशल चिकित्सकों और सर्जनों के रूप में व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण के

साथ-साथ आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के ज्ञान के साथ सिद्धा चिकित्सा के क्षेत्र में समकालीन प्रगति के साथ-साथ सिद्धा चिकित्सा के गहन ज्ञान वाले स्नातकों का निर्माण करेगा।

4 प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड.- (1) सिद्धा शिक्षा में स्नातक (बैचलर ऑफ सिद्धा मेडिसिन एण्ड सर्जरी) में प्रवेश प्राप्त करने हेतु पात्रता निम्नवत् होगी, -

(ए) अभ्यर्थी ने किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के साथ 10+2 या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो और सामान्य श्रेणी के मामले में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान में एक साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों:

बशर्ते कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के तहत निर्दिष्ट दिव्यांगजन उम्मीदवारों के संबंध में, उक्त परीक्षाओं में सामान्य श्रेणी के मामले में न्यूनतम योग्यता अंक 45 प्रतिशत होंगे और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में न्यूनतम योग्यता अंक 40 प्रतिशत होंगे।

(बी) अभ्यर्थी 10वीं कक्षा या 12 वीं कक्षा में एक विषय के रूप में तमिल भाषा में उत्तीर्ण हो।

(सी) अभ्यर्थी जो खंड (बी) के अंतर्गत नहीं आता है, उसे प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. सत्र के दौरान तमिल भाषा का भी अध्ययन करना होगा।

(डी) किसी भी ऐसे उम्मीदवार को बी.एस.एम.एस डिग्री कार्यक्रम में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि वह कार्यक्रम के पहले वर्ष में अपने प्रवेश के वर्ष के 31 दिसंबर को या उससे पहले 17 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं करता है और पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अपने प्रवेश के वर्ष के 31 दिसंबर को 25 वर्ष से अधिक न हो:

बशर्ते कि अनुसूचित जाति] अनुसूचित जनजाति] अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन उम्मीदवारों के मामले में ऊपरी आयु-सीमा में 5 साल की छूट दी जा सकती है।

(2) **राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एन.ई.ई.टी).-** (i) स्नातक स्तर पर सभी चिकित्सा संस्थानों के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा होगी, अर्थात् प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एन.ई.ई.टी) होगी और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा अधिकृत किए गए एक संस्थान द्वारा परीक्षा को संचालित किया जाएगा।

(ii) एक शैक्षणिक वर्ष में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए, एक उम्मीदवार को उक्त शैक्षणिक वर्ष के लिए आयोजित स्नातक पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 50 परसेंटाइल अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा:

बशर्ते कि इस संबंध में -

(i) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को न्यूनतम 40 परसेंटाइल अंक प्राप्त करने होंगे;

(ii) दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के अधिकार अंतर्गत सामान्य वर्ग के मामले में उम्मीदवारों को न्यूनतम 45 परसेंटाइल और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में न्यूनतम 40 परसेंटाइल अंक प्राप्त करने होंगे;

बशर्ते कि जहां संबंधित श्रेणी में पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी भी शैक्षणिक वर्ष के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त हासिल करने में विफल रहते हैं, तो केंद्र सरकार के परामर्श से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अपने विवेक से संबंधित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक कम कर सकती है और केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार कम किए गए अंक केवल उस शैक्षणिक वर्ष के लिए लागू होंगे।

(3) राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एक अखिल भारतीय सामान्य योग्यता क्रम सूची *एवं* राज्य-वार योग्यता क्रम सूची तैयार की जाएगी और संबंधित श्रेणी के अंतर्गत अभ्यर्थियो के लिए, केवल उक्त योग्यता क्रम सूची द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश किया जाएगा।

(4) सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान और निजी संस्थान में प्रवेश के लिए सीट मैट्रिक्स अखिल भारतीय कोटा के लिए 15 प्रतिशत होगा और संघ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (संघ राज्य क्षेत्र) 85 प्रतिशत होगा:

बशर्ते कि,-

(i) सरकारी और निजी दोनों ही प्रकार के सभी डीम्ड विश्वविद्यालयो में प्रवेश के प्रयोजनार्थ अखिल भारतीय कोटा 100% होगा;

(ii) उन विश्वविद्यालयो व संस्थानो में जिसमे पहले से ही कोटा के रख रखाव हेतु 15 प्रतिशत से अधिक अखिल भारतीय कोटा सीट हैं, जारी रहेंगी।

(iii) सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान में वार्षिक स्वीकृत प्रवेश क्षमता का 5 प्रतिशत दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के प्रावधानों के अनुसार निर्दिष्ट विकलांगता वाले उम्मीदवार द्वारा भरा जाएगा, जो कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची पर आधारित होगा।

स्पष्टीकरण - इस खंड के प्रयोजन के लिए, **परिशिष्ट** "ए" में निर्दिष्ट दिव्यांग्जन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) की अनुसूची में निहित विशिष्ट विकलांगता और निर्दिष्ट विकलांगता के साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति में एक कार्यक्रम को पढ़ने के लिए उम्मीदवार की पात्रता **परिशिष्ट** "बी" में निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार होगी और यदि किसी विशेष श्रेणी में विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित सीटें उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण खाली रहती हैं, तो सीटों को संबंधित श्रेणी के लिए वार्षिक स्वीकृत सीटों में शामिल किया जाएगा।

(5) (i) राज्य सरकार, विश्वविद्यालय, न्यास (ट्रस्ट), सोसायटी, अल्पसंख्यक संस्थान, निगम या कंपनी द्वारा स्थापित संस्थानों सहित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सभी सिद्धा शैक्षणिक संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कोटे की काउंसलिंग के लिए नामित प्राधिकारी संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश, जैसा भी मामला हो, संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के प्रासंगिक नियमों और विनियमों के अनुसार संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश होगा।

(ii) सभी डीम्ड विश्वविद्यालयों सरकारी और निजी दोनों की 100% सीटों के लिए बैचलर ऑफ सिद्धा मेडिसिन एण्ड सर्जरी प्रोग्राम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग केंद्र सरकार द्वारा नामित प्राधिकारी द्वारा आयोजित की जाएगी।

(6) केंद्र सरकार द्वारा स्थापित सभी सिद्धा शैक्षणिक संस्थानों एवं अखिल भारतीय कोटा के अंतर्गत सीटों हेतु बैचलर ऑफ सिद्धा मेडिसिन एण्ड सर्जरी प्रोग्राम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग केंद्र सरकार द्वारा नामित प्राधिकरण द्वारा आयोजित कराई जाएगी।

(7) (i) विदेशी नागरिकों की श्रेणी छोड़कर, सभी सीटें (केंद्रीय कोटा, राज्य कोटा या प्रबंधन आदि) चाहे किसी भी श्रेणी की हों, केवल काउंसलिंग (केंद्र या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश) के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी भी माध्यम से सीधे प्रवेश को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

(ii) संस्थान को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में प्रवेश दिए गए छात्रों की सूची सत्यापन के लिए समय-समय पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रवेश के लिए कट-ऑफ तिथि पर शाम 6 बजे या उससे पहले जमा करनी होगी।।

(iii) विश्वविद्यालय उन उम्मीदवारों (विदेशी नागरिकों को छोड़कर) के प्रवेश को मंजूरी देंगे, जिन्हें काउंसिलिंग (केंद्र या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश) के माध्यम से आवंटित किया गया है, जैसा भी मामला हो।

(8) किसी भी उम्मीदवार को, जो इस विनियम के तहत न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त करने में विफल रहा है, उसे उक्त शैक्षणिक वर्ष में स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(9) प्रवेश के संबंध में इन विनियमों में निर्धारित मानदंड या प्रक्रिया का उल्लंघन होने पर कोई भी प्राधिकरण या संस्थान किसी भी उम्मीदवार को स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश नहीं देगा और उक्त मानदंड या प्रक्रिया के उल्लंघन में किए गए किसी भी प्रवेश को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(10) ऐसा प्राधिकरण या संस्थान जो इन विनियमों में निर्धारित मानदंडों या प्रक्रिया के उल्लंघन में किसी भी छात्र को प्रवेश देता है, अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत तदनुसार उत्तरदायी होगा।

(11) विदेशी छात्रो के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित किसी अन्य समकक्ष अर्हता की अनुमति दी जा सकती है और विनियम 4 के उप-विनियम (2) लागू नहीं होंगे।

5 **बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम की अवधि .-** बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम की अवधि निम्नलिखित तालिका के अनुसार 5 वर्ष और 6 माह की होगी, अर्थात्:-

तालिका – 1

(बी.एस.एम.एस.पाठ्यक्रम की अवधि)

क्रमांक	**बी.एस.एम.एस.पाठ्यक्रम**	**अवधि**
(ए)	प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस.	अठारह महीने
(बी)	द्वितिय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस.	अठारह महीने
(सी)	तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस.	अठारह महीने
(डी)	अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश	बारह महीने

6 **प्रदान कि जाने वाली उपाधि.-** अभ्यार्थी को सभी परीक्षाओं को पास करने और निर्धारित अवधि में विस्तारित अध्ययन के निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करने और बारह महीनों की अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश करने के पश्चात् अभ्यर्थी को सिद्धा मरूथवा अरिग्नर (बैचलर ऑफ सिद्धा मेडीसिन एण्ड सर्जरी - बी.एस.एम.एस.) डिग्री से सम्मानित किया जाएगा और इस डिग्री का नाम **सिद्धा मरूथवा अरिग्नर (बैचलर ऑफ सिद्धा मेडीसिन एण्ड सर्जरी - बी.एस.एम.एस.)** होगा।

7 **शिक्षा का माध्यम.-** पाठ्यक्रम के लिए शिक्षा का माध्यम तमिल या अंग्रेजी या अन्य कोई मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषा या हिंदी होगा:

बशर्ते कि, यदि कोई संस्थान विभिन्न राज्यों या अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश दे रहा है, तो शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा।

8 **अध्ययन का माध्यम -** (1) इस बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम में **मुख्य पाठ्यक्रम** और **ऐच्छिक** शामिल होंगे और अध्ययन के स्वरूप का निम्नलिखित रूप से पालन किया जाएगा, अर्थात्: -

(ए) (i) (ए) प्रवेश के बाद छात्र को संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम के आधार पर कम से कम 15 कार्य-दिवसों के एक प्रस्तावना कार्यक्रम के माध्यम से बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम में प्रतिष्ठापित किया जाएगा, जो नए भर्ती छात्र को सिद्धा चिकित्सा प्रणाली से परिचित कराने और उसे यह बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम जिसे वह अगले 4½ साल तक अध्ययन करने जा रहा है से अच्छी तरह से अवगत कराना है।

(बी) प्रस्तावना कार्यक्रम के दौरान, सिद्धा के विद्यार्थी को पाठ्यक्रम में यथा निर्धारित अन्य विषयों के साथ-साथ तमिल कि बुनियादी शिक्षा और बुनियादी जीवन सहायता और प्राथमिक चिकित्सा सीखेंगे।

(सी) 15 दिनों का प्रस्तावना कार्यक्रम होगा जो 90 घंटे से कम नहीं होगा और हर दिन 6 घंटे का हो सकता है।

(ii) प्रत्येक व्यावसायिक सत्र के लिए कुल कार्य दिवस 320 दिनों से कम नहीं होंगे।

(iii) (ए) प्रथम व्यावसायिक सत्र के लिए कुल कार्य दिवस, प्रस्तावना कार्यक्रम के 15 दिनो को छोड़कर, 305 दिनों से कम नहीं होंगे ।

(बी) प्रथम व्यावसायिक सत्र के लिए कुल शिक्षण घंटे 1920 से कम नहीं होंगे, और व्याख्यान से गैर-व्याख्यान में अध्यापन के घंटे का अनुपात 1: 2 होगा।

(iv) (ए) द्वितीय व्यावसायिक सत्र के लिए कुल शिक्षण घंटे 2240 से कम नहीं होंगे और व्याख्यान से गैर-व्याख्यान में शिक्षण घंटे का अनुपात 1: 2 होगा।

(बी) द्वितिय व्यावसायिक सत्र के दौरान, अस्पताल बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) या अंतरंग रोगी विभाग (आईपीडी) या प्रयोगशाला या फार्मेसी या डिस्पेंसरी में सुबह के समय प्रतिदिन कम से कम एक घंटे की नैदानिक कक्षाएं, छात्रों को सभी गतिविधियों से परिचित कराने के लिए संचालित की जाएंगी।

(v) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र के लिए कुल शिक्षण घंटे 2240 से कम नहीं होंगे, और तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र के दौरान, सुबह के समय अस्पताल में तीन घंटे की नैदानिक कक्षाएं संचालित की जाएंगी और व्याख्यान से गैर-व्याख्यान में शिक्षण घंटों का अनुपात 1: 2 होगा।

(vi) शिक्षण की निर्धारित अवधि और अपेक्षित गतिविधियों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा आवश्यकता के अनुसार काम के घंटे बढ़ाए जा सकते हैं।

स्पष्टीकरण - इस विनियम के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति **"व्याख्यान"** का अर्थ है उपदेशात्मक शिक्षण अर्थात, कक्षा में शिक्षण और अभिव्यक्ति **"गैर-व्याख्यान"** में व्यावहारिक / नैदानिक और प्रदर्शनकारी शिक्षण शामिल हैं और प्रदर्शनकारी शिक्षण में छोटे समूह शिक्षण / ट्यूटोरियल्स / सेमिनार / संगोष्ठी / असाइनमेंट / रोल प्ले / फार्मेसी प्रशिक्षण / प्रयोगशाला प्रशिक्षण / विच्छेदन / क्षेत्र का दौरा / कौशल प्रयोगशाला प्रशिक्षण / एकीकृत शिक्षा / समस्या आधारित शिक्षा / केस आधारित शिक्षा / प्रारंभिक नैदानिक प्रदर्शन / साक्ष्य आधारित शिक्षा आदि, विषय की आवश्यकता के अनुसार गैर-व्याख्यान में, नैदानिक/प्रैक्टिकल भाग 70 प्रतिशत होगा और प्रदर्शनात्मक शिक्षण 30 प्रतिशत होगा।

(vii) प्रति सप्ताह पुस्तकालय एवं शारीरिक शिक्षा के लिए कम से कम एक-एक घंटा तथा सभी बैचों के नियमित समय-सारणी में प्रति माह एक घंटे का मनोरंजन समय (प्रतिभा और पाठ्येतर गतिविधियों की अभिव्यक्ति) आवंटित करना होगा।

(बी) प्रथम व्यावसायिक सत्र सामान्यत: अक्टूबर माह में प्रारंभ होगा तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निम्नलिखित विषय पढ़ाए जाएंगे, अर्थात्:-

तालिका – 2

(प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए विषय)

क्रमांक	विषय कोड	विषय	समतुल्य शब्द
1.	एसआईडीयूजी-एसएटीवी	सिद्धा मारुतव अदिपद्दइ ततुवनगलुम वरलारूम	हिस्ट्री एंड फन्डामेंटल प्रिंसीपल्स आफ सिद्धा मेडिसिन
2.	एसआईडीयूजी-टीएल एसआईडीयूजी-सीई	तमिल भाषा (प्रवेश के लिए अर्हता से संबंधित विनियम 4 के उप-विनियम(1) की धाराओं (बी) तथा (सी) के अनुसार लागू) / संवादात्मक अंग्रेज़ी (जहाँ कहीं भी लागू हो)	
3.	एसआईडीयूजी-यूके	उडल कूरूगल	ह्यूमन एनाटॉमी
4.	एसआईडीयूजी-यूटी	उडल तत्वम	ह्यूमन फिजियोलॉजी
5.	एसआईडीयूजी- यूवी	उयिर वेधियल	बायोकेमिस्ट्री
6.	एसआईडीयूजी- एनयू	नुन्नुयिरियल	माइक्रोबायोलॉजी
7.	ऐच्छिक (न्यूनतम तीन) विषय		

(सी) द्वितीय व्यावसायिक सत्र सामान्यत: प्रथम व्यावसायिक परीक्षा के पूरा होने के पश्चात् अप्रैल के महीने में शुरू होगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निम्नलिखित विषय पढ़ाए जाएंगे, अर्थात्:-

तालिका – 3

(द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. के विषय)

क्रमांक	विषय कोड	विषय	समतुल्य शब्द
1.	एसआईडीयूजी- एमटी	मरूतुवा तावरवियल	मेडिसिनल बोटनी एंड फार्माकोगनोसी
2.	एसआईडीयूजी- जीएमएम	गुणपाडम - मरूंदियल	मटेरिया मेडिका-फार्माकोलॉजी
3.	एसआईडीयूजी-जीएमके	गुणपाडम - मरूनदगवियल	मटेरिया मेडिका-फार्मास्यूटिकल्स
4.	एसआईडीयूजी-एसएसएम एवं एनएम	सट्टम सारंध मरूतुवमुम नंजु मरूतुवमुम	फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी
5.	एसआईडीयूजी-एनएन 1	नोइ नाडल - I	सिद्धा पैथोलॉजी
6.	एसआईडीयूजी-एनएन 2	नोइ नाडल - II	प्रिंसीपल्स आफ मोडर्न पैथोलॉजी
7.	एसआईडीयूजी-एनएवीओ	नोइ अनुगाविधी ओझुक्कम	प्रिंसीपल्स एंड डिसिप्लिनस ऑफ डिजिज प्रिवेन्शन एंड पब्लिक हेल्थ
8.	ऐच्छिक (न्यूनतम तीन) विषय		

(डी) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र सामान्यत: द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के पूरा होने के पश्चात् अक्टूबर के महीने में शुरू होगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निम्नलिखित विषय पढ़ाए जाएंगे, अर्थात्:-

तालिका – 4

(तृतीय (अन्तिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. के विषय)

क्रमांक	विषय कोड	विषय	समतुल्य शब्द
1.	एसआईडीयूजी- एमएम	मरूतुवम्	मेडिसिन
2.	एसआईडीयूजी- वीपीएस	वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम्	वर्मम, एक्सटर्नल थैरेपी एंड स्पेशल मेडिसिन
3.	एसआईडीयूजी- एएम	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ	सर्जरी इन्क्लूडिंग ऑपथैल्मोलॉजी, ईएनटी, डेनटिस्ट्री एंड डर्माटोलॉजी
4.	एसआईडीयूजी- एसएमएम	सूल तथा मागलिर मरूतुवम्	अब्स्टेट्रिक्स एंड गाईनेकोलॉजी
5.	एसआईडीयूजी- केएम	कुजंतइ मरूतुवम्	पीडियाट्रिक्स
6.	एसआईडीयूजी- आरएम	रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड मेडिकल स्टेटिस्टिकस	
7.	ऐच्छिक (न्यूनतम तीन) विषय		

(ई) विश्वविद्यालय; संस्थान और कॉलेज ***अनुलग्नक - 1*** में इन विनियमों में प्रदान किए गए अस्थायी शैक्षणिक कैलेंडर के नमूने के अनुसार उस विशेष बैच का एक अकादमिक कैलेंडर तैयार करेंगे और इसे छात्रों को परिचालित किया जाएगा और संबंधित वेबसाइटों में उपयोग के लिए उपलब्ध किया जाएगा और तदनुसार पालन किया जाएगा।

(एफ) इस बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विभाग और विषय शामिल होंगे, अर्थात्: -

तालिका – 5

(विभाग तथा विषय)

क्रमांक	**विभाग**	**विषयों**
1.	सिद्धा मरूतुवम् मूलतत्तुवम	1. सिद्धा मारुतव अदिपद्दइ ततुवनगलुम वरलारूम 2. तमिल भाषा/संवादात्मक अंग्रेज़ी (जहाँ कहीं लागू हो)
2.	उडल कूरुगल	उडल कूरुगल
3.	उडल तत्वम	1. उडल तत्वम 2. उयिर वेधियल
4.	गुणपाडम - मरूंदियल	1. गुणपाडम - मरूंदियल 2. मरूतुवा तावरवियल
5.	गुणपाडम - मरूनदगवियल	गुणपाडम - मरूनदगवियल
6.	नोइ नाडल और नोइ मुदल नाडल	1. नोइ नाडल –I 2. नोइ नाडल - II 3. नुन्नुयिरियल
7.	सट्टम सारंध मरूतुवमुम नंजु मरूतुवमुम	सट्टम सारंध मरूतुवमुम नंजु मरूतुवमुम
8.	नोइ अनुगाविधी सहित रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड मेडिकल स्टेटिस्टिकस	1. नोइ अनुगाविधी ओझुक्कम 2. रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड मेडिकल स्टेटिस्टिकस
9.	मरूतुवम्	मरूतुवम्
10.	वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम्	वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम्
11.	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ
12.	सूल तथा मागलिर मरूतुवम्	सूल तथा मागलिर मरूतुवम्
13.	कुजंतइ मरूतुवम्	कुजंतइ मरूतुवम्

(जी) ऐच्छिक.- (i) सिद्धा के छात्रों को विभिन्न संबद्ध विषयों से परिचित कराने, उजागर करने और उन्मुख होने का अवसर प्रदान करने के लिए बी.एस.एम.एस पाठ्यक्रम में ऐच्छिक विषय प्रस्तुत किए गए हैं, जो बहुविषयक दृष्टिकोण को समझने और बनाने के लिए आवश्यक हैं।

(ii) ऐच्छिक को ऑनलाइन पाठ्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा।

(iii) प्रत्येक ऐच्छिक विषय 45 घंटे की अवधि का होगा और 5 भागों में विभाजित होगा और प्रत्येक भाग में 9 घंटे अर्थात् 5 घंटे का शिक्षण 2 घंटे का निर्देशित अध्ययन, विशेषज्ञ मार्गदर्शन / प्रतिक्रिया और मूल्यांकन के लिए प्रत्येक में

1-1 घंटा होगा। कुल मिलाकर, प्रत्येक ऐच्छिक में 25 घंटे का शिक्षण, 10 घंटे की निर्देशित अध्ययन होगा, 5 घंटे की विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रतिक्रिया और मूल्यांकन के 5 घंटे (प्रत्येक 1 घंटे के 5 आंकलन होंगे)

स्पष्टीकरण - इस विनियम के प्रयोजन के लिए शिक्षण का अर्थ है वीडियो लेक्चर, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, ऑडियो लेक्चर, वीडियो क्लिपिंग, ऑडियो क्लिपिंग, तकनीकी छवियाँ, अध्ययन सामग्री आदि।

(iv) इन विनियमों के अंतर्गत ऐच्छिक के अध्ययन के घंटे बी.एस.एम.एस के निर्धारित शिक्षण घंटों से अधिक हैं।

(एच) नैदानिक प्रशिक्षण.-(i) छात्र का नैदानिक प्रशिक्षण प्रथम व्यावसायिक सत्र से प्रारम्भ होगा और संबंधित संकाय और विभाग द्वारा संबंधित अस्पताल में विषय की आवश्यकता के अनुसार गैर-व्याख्यान घंटे में विषय से संबंधित नैदानिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा (नियमित व्यावहारिक और प्रदर्शनकारी शिक्षण के अलावा) -

(ए) बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और आंतरिक रोगी विभाग (आईपीडी) के मरीजों में शरीर- त्रिदोष पाठ्य विषय, पंच मूलभूत पाठ्य विषय, एपिस्टेमोलॉजी, 96 तत्वास, येड़ उडरकट्टुगल आदि पर नैदानिक देखरेख, दवा के मूल गुणों पर अभिविन्यास सहित सिद्धा के मूलभूत सिद्धांतों का अनुप्रयोग और सिद्धा मारुथुवा मूलतत्वम और भाषा संकाय विभाग द्वारा औषधि चयन विधि, प्रकरण लिखने की सिद्धा पद्धति, रोगी पंजीकरण, रोगियों के साथ संवाद इत्यादि;

(बी) नैदानिक स्थितियों में नैदानिक और अनुप्रयुक्त शरीर क्रिया विज्ञान, नाड़ी दर, श्वसन दर, शरीर के तापमान, रक्तचाप, ऊंचाई और वजन की माप, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की गणना, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी (ईसीजी), हिमेटोलॉजिकल परीक्षण प्रक्रिया आदि सहित महत्वपूर्ण संकेतों के मूल्यांकन में प्रशिक्षण। उडल थथुवम विभाग द्वारा अंतरंग रोगी विभाग (आईपीडी) या बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) मामलों में सिद्धा मूल सिद्धांतों या एनवगई थेरवू का आवेदन, सिद्धा दृष्टिकोण में केस शीट लेखन आदि;

(सी) उडल कूरूगल विभाग द्वारा नैदानिक स्थितियों में अनुप्रयुक्त शरीर रचना विज्ञान, नैदानिक परीक्षण के लिए आसन का अनुप्रयोग, सतही शरीर रचना विज्ञान, उदर चतुर्भुज और स्थानीयकरण, रक्त वाहिकाओं का स्थान, मांसपेशियों की गतिविधियों और अखंडता की जांच, एक्स-रे पढ़ना, कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी (सीटी) और चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) आदि;

(डी) बायोकेमिकल, माइक्रोबायोलॉजिकल जांच में प्रयोगशाला उन्मुख प्रशिक्षण, अंतरंग रोगी विभाग (आईपीडी) या बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) मामलों की प्रयोगशाला रिपोर्ट- जैव रसायन और सूक्ष्म जीव विज्ञान संकाय द्वारा व्याख्याएं- और इसके नैदानिक सहसंबंध आदि ।

(ii) (ए) द्वितीय व्यावसायिक सत्र के लिए नैदानिक प्रशिक्षण विनियम 8 के उप-विनियम (1) के खंड ए(iv) के अनुसार आयोजित किया जाएगा और संबंधित संकाय और विभाग द्वारा उपस्थिति बनाई जाएगी।

(बी) द्वितीय व्यावसायिक सत्र के लिए नैदानिक प्रशिक्षण विषयों की आवश्यकता के अनुसार प्रदान किया जाएगा इसके अंतर्गत-

(ए) एनवागई थेरवू के माध्यम से रोग का निदान और मूल्यांकन, ओपीडी और आईपीडी रोगियों में सिद्धा सिद्धांतों का अनुप्रयोग, रोगियों में मुत्तोडम मिगु गुणम या कुरई गुणम विशेषताओं की जांच, नाड़ी / नीरकुरी - नैक्कुरी परिशोधनई पर प्रशिक्षण, शरीर के स्वभाव या याक्कई का आकलन, नोइ नाडल और नोइ मुदल नाडल विभाग द्वारा प्रयोगशाला जांच-व्याख्या-और इसके नैदानिक सहसंबंध, स्क्रीनिंग ओपीडी आदि में प्रशिक्षण;

(बी) नोइ अनुगाविधी विभाग द्वारा रिसर्च मेथोडोलॉजी सहित निवारणात्मक दवायें और उपाय, ओपीडी और आईपीडी रोगियों के लिए पथ्य उनवु या चिकित्सीय आहार का नुस्खा, पाक चिकित्सा, कार्यात्मक भोजन, जीवन शैली प्रबंधन, नैदानिक मामलों के अनुसंधान के दृष्टिकोण, नैदानिक दस्तावेज, प्रकरण अध्ययन और प्रकरण श्रृंखला लिखना, नैदानिक अनुसंधान प्रस्ताव की सरल तैयारी, वैज्ञानिक लेखन इत्यादि;

(सी) गुणपाडम मरूंदियल विभाग, मेडिसिनल बोटनी एंड फार्माकोगनोसी और गुणपाडम मरूनदगवियल विभाग द्वारा नुस्खे की संरचना, दवा के नाम, रूप, खुराक, अनुबानम, थुनै मरून्दु, मरूंदिरकाना पत्यम, मारून्दुम्नुम कलम, दवाओं के मिश्रण या संयोजन की विधि, चिकित्सालय में उपयोग के लिए ताजी जड़ी-बूटियों की खरीद, चिकित्सालय में उपयोग की जाने वाली साधारण दवाओं की तैयारी में अभिविन्यास, फार्मेसी प्रशिक्षण आदि पढ़ाना; और

(डी) सट्टम सारंध मरूतुवमुम और नंजु मरूतुवमुम विभाग ओपीडी और आईपीडी मामलों के प्रकरण पत्रक लेखन, निदान और उपचार, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियायें और परिहार, चिकित्सालय औषधिशास्त्र प्रशिक्षण, चिकित्सा-कानूनी पहलुओं, चिकित्सा संबंधी प्रमाण पत्रों आदि में अभिविन्यास और प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

(iii) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र के दौरान, जैसा कि विनियम 8 के उप-विनियम (1) के खंड (ए)(v) के अंतर्गत उल्लिखित है, नैदानिक प्रशिक्षण निम्नलिखित नैदानिक विभागों में आवर्तन के आधार पर होगा, अर्थात्: -

(ए) मरूतुवम् (मेडिसिन): विभाग के तहत ओपीडी, आईपीडी और विशेषज्ञता चिकित्सालय यदि कोई हो;

(बी) वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् (वर्मम, एक्सटर्नल थैरेपी एंड स्पेशल मेडिसिन): ओपीडी, आईपीडी, तोक्कनम, वर्मम / पुरेमरूतुवम् थेरेपी ब्लॉक, योग चिकित्सा कक्ष, और विभाग के अंतर्गत काम करने वाले विशेष चिकित्सालय, यदि कोई हों;

(सी) कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ (सर्जरी इन्क्लूडिंग ऑपथैल्मोलॉजी, ईएनटी, डेनटिस्ट्री एंड डर्माटोलॉजी): ओपीडी, आईपीडी, ऑपरेशन थिएटर और विभाग के तहत काम करने वाले विशेष चिकित्सालय, यदि कोई हो;

(डी) सूल तथा मागलिर मरूतुवम् (अब्स्टेट्रिक्स एंड गाईनेकोलॉजी): ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, प्रक्रिया कक्ष और विभाग के तहत काम करने वाले विशेष चिकित्सालय यदि कोई हो;

(ई) कुजंतइ मरूतुवम् (पेडियाट्रिक्स): विभाग के अंतर्गत कार्यरत ओपीडी, आईपीडी और विशेष चिकित्सा क्लीनिक, यदि कोई हो; तथा

(एफ) मरूतुवम् विभाग के तहत अवसरा मरूतुवम् (इमरजेंसी मेडिसिन / कैज़ुअल्टी)।

9 भारतीय चिकित्सा पद्धति (एसएमएएसटीडी-आईएसएम) में आधुनिक प्रगति, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के पूरक के लिए कार्यप्रणाली. -

(1) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 के लिए राष्ट्रीय आयोग की धारा 2 की उपधारा (एच) के तहत भारतीय चिकित्सा पद्धति (एसएमएएसटीडी-आईएसएम) में आधुनिक प्रगति, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के पूरक के संबंध में आवश्यकता को पूरा करने के लिए, विनियमन 8 के उप-विनियमन (1) के खंड (एफ) में उल्लेखित सभी 13 विभागों को 13 कार्यक्षेत्र के रूप में माना जाएगा, इसके अलावा 2 और कार्यक्षेत्र होंगे, शिक्षा के लिए एक और अनुसंधान के लिए एक और प्रत्येक कार्यक्षेत्र को नैदानिक उपकरणों, वैचारिक प्रगति और उभरते क्षेत्रों के प्रासंगिक और उचित प्रगति और विकास के साथ पूरण, समृद्ध और अद्यतन किया जाएगा-

(i) जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव रसायन, शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, औषधीय वनस्पति विज्ञान और भेषज विज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, आणविक जीव विज्ञान, इम्यूनोलॉजी आदि जैसे मूल विज्ञान में नवाचार या प्रगति या नया विकास;

(ii) नैदानिक प्रगति;

(iii) चिकित्सीय तकनीक;

(iv) सर्जिकल तकनीक या प्रौद्योगिकी;

(v) दवा की गुणवत्ता और मानकीकरण, दवा विकास आदि सहित भेषज प्रौद्योगिकी ;

(vi) शिक्षण, प्रशिक्षण के तरीके और प्रौद्योगिकी;

(vii) अनुसंधान के तरीके, पैरामीटर, उपकरण और पैमाने आदि;

(viii) तकनीकी प्रगति, स्वचालन, सॉफ्टवेयर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटलीकरण, प्रलेखन आदि;

(ix) जैव चिकित्सा प्रगति;

(x) चिकित्सा उपकरण;

(xi) कोई अन्य नवाचार, प्रगति, प्रौद्योगिकियां और विकास जो सिद्धा में अनुसंधान को समझने, मान्य करने, शिक्षण, जांच, निदान, उपचार, रोग का निदान, प्रलेखन, मानकीकरण और संचालन के लिए उपयोगी हैं।

(2) भारतीय चिकित्सा पद्धति में आधुनिक प्रगति, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के पूरक के उद्देश्य से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा बहु-विषयक कोर समिति का गठन होगा, जो उन प्रगतियों और विकासों की पहचान करेंगे जो किसी एक या अनेक कार्यक्षेत्रों में शामिल करने के लिए उचित और उपयुक्त हैं।

(3) यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा के बोर्ड द्वारा प्रत्येक कार्यक्षेत्र के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित होगी जो उक्त अग्रिमों और विकासों के अनुकूलन और समावेश की विधि को परिभाषित करेगी और सुझाव देगी और इसे स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर शामिल करने के लिए भी निर्दिष्ट करेगी और विशेषज्ञ समिति आवश्यकता के अनुसार उपयोग, मानक संचालन प्रक्रिया और व्याख्या के लिए विस्तृत कार्यप्रणाली विकसित करेगी।

(4) कोई भी शिक्षण कर्मचारी, व्यवसायी, शोधकर्ता, छात्र और नवोन्मेषी आदि भारतीय चिकित्सा पद्धति में आधुनिक प्रगति, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के पूरक के संबंध में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव भेज सकते हैं और ऐसे सुझावों को विचार के लिए कोर कमेटी के समक्ष रखा जाएगा।

(5) आधुनिक प्रगति को अध्ययन द्वारा समर्थित सिद्धा सिद्धांतों के आधार पर उक्त अग्रिमों की उचित व्याख्या के साथ शामिल किया जाएगा और इस तरह के अग्रिमों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के 5 साल बाद, उन्हें सिद्धा के हिस्से के रूप में माना जाएगा और सिद्धा शब्दावली में परिभाषित और वर्णित किया जाएगा।

(6) एक बार जब कोर कमेटी विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को अनुमोदित कर देती है, तो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा बोर्ड को निर्देश देगा कि वे विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्दिष्ट स्नातक या स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करें और आयोग दिशा-निर्देश जारी करेगा या यदि आवश्यक हो तो अनुशंसित आधुनिक उन्नति या वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को शामिल करने के लिए शिक्षकों का अभिविन्यास करेगा।

(7) आधुनिक प्रगति के साथ सिद्धा शिक्षण सामग्री का अनुपात 40 से अधिक नहीं होगा।

(8) **एसएमएएसटीडी-** आईएसएम के लिए समितियों की संरचना-एक कोर समिति और प्रत्येक कार्यक्षेत्र के लिए एक विशेषज्ञ समिति होगी और ऐसी समितियों की संरचना निम्नानुसार होगी-

(ए) एसएमएएसटीडी-आईएसएम कोर कमेटी (सिद्धा) की संरचना.-

एसएमएएसटीडी- आईएसएम 11 सदस्यीय समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे, -

(i) अध्यक्ष, यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा बोर्ड - चेयरपर्सन;

(ii) सिद्धा से दो विशेषज्ञ (जिसमें से 1 सिद्धा मारुतव अदिपद्दइ ततुवनगलुम वरलारूम का विशेषज्ञ) - सदस्य;

(iii) सीएसआईआर, सीसीआरएस, आईसीएमआर, डीबीटी, टेक्नोक्रेट, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग से एक विशेषज्ञ (या तो सेवानिवृत्त या सेवा में) - सदस्य;

(iv) एक शैक्षिक प्रौद्योगिकीविद् - सदस्य;

(v) यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा बोर्ड के सदस्य - सदस्य सचिव।

बशर्ते कि कोर कमेटी, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के चेयरपर्सन की उचित अनुमति से विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार किसी भी विशेषज्ञ को सहयोजित कर सकती है।

विचारार्थ विषय - (i) समिति का कार्यकाल, उसके गठन की तिथि से तीन वर्ष का होगा।

(ii) समिति की वर्ष में कम से कम दो बार बैठक होगी।

(iii) समिति ऊपर सूचीबद्ध किसी भी आधुनिक प्रगति, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की पहचान करेगी जो सिद्धा के लिए प्रासंगिक और लागू हैं, अन्यथा -

(ए) सिद्धा में अनुसंधान गतिविधियों को समझने, मान्य करने या संचालित करने के लिए ;

(बी) किसी विशिष्ट नैदानिक स्थिति और उपचार के निदान या पूर्वानुमान के लिए उपयोगी;

(सी) शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए उपयोगी ;

(डी) सिद्धा के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए उपयोगी।

(iv) यह समिति सिद्धा के बुनियादी सिद्धांतों के लिए पहचान की गई आधुनिक उन्नति या वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की उपयुक्ता को सिद्धा के दो विशेषज्ञों की मदद से सुनिश्चित करेगी।

(v) आधुनिक प्रगति या विकास की पहचान के लिए कार्यप्रणाली विकसित करने के लिए विशेषज्ञ समिति के लिए उपयुक्त विशेषज्ञों की पहचान करना और उनकी सिफारिश करना।

(vi) विशिष्ट ऊर्ध्वाध में इसके उपयोग के संदर्भ में अग्रिमों या विकासों के आवेदन का सुझाव देना या स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आदि में शामिल करना, जैसा भी मामला हो।

(vii) चूंकि आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बदलाव होते रहते है, कोर समिति आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के पुराने हिस्से की पहचान करेगी और इसे उचित आधुनिक प्रगति के साथ बदलने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग को सुझाव देगी।

(बी) विशेषज्ञ समिति (सिद्धा) की संरचना. –

विशेषज्ञ समिति का गठन यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा बोर्ड द्वारा किया जाएगा; निम्नानुसार पांच सदस्यों से मिलकर होगा:-

(i) यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा बोर्ड द्वारा निर्धारित विषय विशेषज्ञ - चेयरपर्सन;

(ii) प्रासंगिक सिद्धा विषयों के दो विशेषज्ञ - सदस्य;

(iii) प्रासंगिक आधुनिक विषय से एक विशेषज्ञ - सदस्य;

(iv) शिक्षण प्रौद्योगिकी से एक विशेषज्ञ - सदस्य।

बशर्ते कि यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा बोर्ड के अध्यक्ष की अनुमति से विशेषज्ञ समिति चयनित क्षेत्र के अनुसार संबंधित विशेषज्ञ को सहयोजित कर सकती है।

विचारार्थ विषय- (i) समिति का कार्यकाल, उसके गठन की तिथि से तीन वर्ष का होगा।

(ii) यूनानी, सिद्धा और सोवा रिग्पा (बी.यू.एस.एस) के बोर्ड अध्यक्ष के निर्देशानुसार समिति की कई बैठकें होंगी ।

(iii) समिति कोर कमेटी के सुझाव पर काम करेगी और शैक्षिक प्रौद्योगिकीविद् की मदद से यह तय करेगी कि इसे पाठ्यक्रम में कैसे शामिल किया जाए, इसके शिक्षण का तरीका (अर्थात, व्याख्यान/गैर-व्याख्यान) और मूल्यांकन करेगी।

(iv) समिति पहले आधुनिक प्रगति के अनुप्रयोग को समझेगी जिन्हें शामिल करने के लिए पहचाना गया है और सिद्धा के मूल सिद्धांतों के लिए इसकी प्रासंगिकता है।

(v) समिति सिद्धा में विशेष रूप से उस कार्यक्षेत्र के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी की आवश्यकता की पहचान करेगी और उपयुक्त प्रौद्योगिकी की पहचान करेगी और मानक संचालन प्रक्रिया या कार्यप्रणाली के साथ इसके उपयोग की सिफारिश करेगी।

(vi) समिति स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर शामिल की जाने वाली आधुनिक प्रगति और प्रौद्योगिकी के संबंध में कोर समिति का सुझाव देगी।

(vii) एसएमएएसटीडी-आईएसएम का कार्य प्रवाह निम्नानुसार होगा –



10. **परीक्षा.-**(ए) (i) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा सामान्यतः प्रथम व्यावसायिक सत्र के अंत तक आयोजित एवं पूर्ण हो जाएगी;

(ii) वे छात्र जो, प्रथम व्यावसायिक के एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण हों जाते हैं, उन्हें द्वितीय व्यावसायिक सत्र की शर्तें रखते हुए तथा द्वितीय व्यावसायिक सत्र की परिक्षाओं में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

(iii) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को द्वितीय व्यवसायिक सत्र में कार्यकाल रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रथम व्यवसायिक की बाद की पूरक परीक्षा प्रत्येक 6 महीने में आयोजित की जाएगी।

(बी) (i) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा सामान्यत : द्वितीय व्यावसायिक सत्र के अंत तक आयोजित एवं पूर्ण हो जाएगी;

(ii) द्वितीय व्यावसायिक के एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक अवधि की टर्म जारी रखने की अनुमति दी जाएगी;

(iii) दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र में कार्यकाल रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रत्येक छह माह में द्वितीय व्यावसायिक की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

(सी) (i) तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा सामान्यतः तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक सत्र के अंत तक आयोजित एवं पूर्ण हो जाएगी;

(ii) तीसरी (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा के लिए उपस्थित होने से पहले छात्रों को पहले और दूसरे व्यवसायिक के सभी विषयों को उत्तीर्ण करना होगा एवं 9 ऐच्छिक अर्हताओं में उत्तीर्ण होना होगा।

(iii) प्रत्येक छह माह में तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

(डी) विषम बैच के छात्र (वे छात्र जो टर्म जारी नहीं रख सके) के लिए कोई अलग कक्षा नहीं होगी और छात्र को नियमित बैच के साथ या जूनियर बैच के साथ कक्षा में उपस्थित होना होगा।

(ई) अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, प्रवेश की तारीख से अधिकतम 10 वर्षों की अवधि के भीतर सभी 3 व्यावसायिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होगी और 9 ऐच्छिक में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

(एफ) सैद्धांतिक परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) के लिए 20% अंक, लघु उत्तरीय प्रश्नों (एसएक्यू) के लिए 40% अंक और दीर्घ व्याख्यात्मक उत्तर प्रश्नों (एलएक्यू) के लिए 40% अंक होंगे और ये प्रश्न उस विषय के पूर्ण पाठ्यक्रम को कवर करेंगे।

(जी) परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक सैद्धांतिक भाग में 50% और प्रेक्टिकल भाग में 50% (जिसमें प्रेक्टिकल और नैदानिक, मौखिक, आंतरिक मूल्यांकन और ऐच्छिक जहां भी लागू हो) प्रत्येक विषय में अलग से।

(एच) **ऐच्छिक विषयों का मूल्यांकन.-** ऐच्छिक का मूल्यांकन उपस्थिति और एससेसमेंट के संदर्भ में किया जाएगा और मूल्यांकन के आधार पर, छात्र को क्रेडिट के साथ-साथ ग्रेड भी दिए जाएंगे-

(i) एक मॉड्यूलर कार्यक्रम के न्यूनतम 5 घंटे में भाग लेने के लिए एक क्रेडिट प्रदान किया जाएगा और एक छात्र प्रत्येक ऐच्छिक के लिए अधिकतम 5 क्रेडिट अर्जित कर सकेगा;

(ii) मूल्यांकन प्रत्येक मॉड्यूल के अंत में आयोजित किया जाएगा और ग्रेडिंग के लिए औसतन 5 मॉड्यूलर मूल्यांकनों पर विचार किया जाएगा, यानी 25% तक कांस्य; 26-50% तक रजत; 51-75% तक स्वर्ण; 76% तक और अधिक पर प्लेटिनम।

(iii) ऐच्छिक विषयों की संरचना निम्न तालिका के अनुसार होगी, अर्थात्: -

तालिका – 6

(ऐच्छिक की संरचना)

<table>
<tr><th colspan="6">प्रत्येक ऐच्छिक: पांच मॉड्यूल प्रत्येक नौ घंटे के (5*9=45)</th></tr>
<tr><th rowspan="2">क्रमांक</th><th rowspan="2">अवयव</th><th colspan="2">अवधि (घंटे)</th><th>क्रेडिट</th><th>ग्रेड</th></tr>
<tr><td>मॉड्यूल</td><td>ऐच्छिक</td><td rowspan="5">प्रत्येक मॉड्यूलर कार्यक्रम के न्यूनतम 5 घंटे में भाग लेने के लिए एक क्रेडिट। अधिकतम 5 क्रेडिट</td><td rowspan="5">ग्रेड सभी 5 मॉड्यूलर आकलनों के औसत के आधार पर प्रदान किया जाता है।
कांस्य: <25 प्रतिशत।
रजत: 26-50 प्रतिशत।
स्वर्ण: 51-75 प्रतिशत।
प्लेटिनम : 76 प्रतिशत और अधिक पर।</td></tr>
<tr><td>1</td><td>शिक्षण</td><td>5</td><td>25</td></tr>
<tr><td>2</td><td>मार्गदर्शित शिक्षा</td><td>2</td><td>10</td></tr>
<tr><td>3</td><td>विशेषज्ञ मार्गदर्शन / प्रतिक्रिया</td><td>1</td><td>5</td></tr>
<tr><td>4</td><td>मूल्यांकन</td><td>1</td><td>5</td></tr>
</table>

(iv) (ए) छात्र को प्रत्येक व्यावसायिक सत्र के लिए कम से कम 3 ऐच्छिक विषयों में अर्हता प्राप्त करनी (कोई भी ग्रेड प्राप्त करना होगा) होगी ।

(बी) ऐच्छिक विषयों की सूची प्रत्येक व्यावसायिक सत्र के लिए 3 सेट (ए, बी और सी) के तहत उपलब्ध कराई जाएगी, अर्थात् प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए एफए, एफबी और एफसी सेट; द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए एसए, एसबी और एससी सेट; तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. के लिए टीए, टीबी और टीसी सेट।

(सी) छात्र संबंधित व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए निर्दिष्ट प्रत्येक सेट में से अपनी पसंद के अनुसार किसी एक ऐच्छिक विषय का चयन कर सकते हैं।

(डी) प्रत्येक क्रेडिट के लिए 2 अंकों का वेटेज और प्रत्येक ऐच्छिक के लिए अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे।

(ई) इन ऐच्छिक अंकों को इन विनियमों में निर्दिष्ट संबंधित विषयों के मौखिक परीक्षा के अंकों में जोड़ा जाएगा।

(एफ) प्रत्येक व्यावसायिक सत्र के लिए 3 अनिवार्य ऐच्छिक के अलावा, छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार अतिरिक्त ऐच्छिक विषय चुनने और अर्हता प्राप्त करने की स्वतंत्रता हैं।

(जी) प्रति व्यावसायिक सत्र के लिए केवल 3 ऐच्छिक का अंक वेटेज होगा अर्थात संबंधित व्यावसायिक सत्र के प्रत्येक सेट से 1 ऐच्छिक विषय के लिए होगा।

(एच) अर्जित क्रेडिट और प्राप्त ग्रेड का उल्लेख करते हुए प्रत्येक ऐच्छिक विषय के लिए एक अलग ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

(v) संस्थान की परीक्षा शाखा उपरोक्त निर्दिष्ट के अनुसार छात्रों द्वारा प्राप्त ऐच्छिक के अंकों को संकलित करेगी और संस्थान के प्रमुख के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करेगी ताकि विश्वविद्यालय इसे संबंधित विषयों की मौखिक परीक्षा से जोड़ सके जैसा कि ***तालिका 11, 13 और 15*** में दर्शाया गया है।

(आई) (i) 65% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थी को इस विषय में प्रथम श्रेणी से सम्मानित किया जाएगा और 75% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को इस विषय में विशिष्टता प्रदान की जाएगी।।

(ii) श्रेणी और विशिष्टता का पुरस्कार पूरक परीक्षाओं के लिए लागू नहीं होगा।

(जे) (i) प्रत्येक छात्र को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए प्रत्येक विषय में सैद्धांतिक (अर्थात, व्याख्यान घंटे), प्रेक्टिकल और नैदानिक (अर्थात, गैर-व्याख्यान घंटे) में न्यूनतम 75% उपस्थिति बनाए रखने की आवश्यकता होगी।

(ii) जहां संस्थान भौतिक उपस्थिति रजिस्टर रखता है, उसे अनुलग्नक- II के अनुसार संचयी संख्या पद्धति में दर्ज किया जाएगा और पाठ्यक्रम या अवधि या पाठ्यक्रम के भाग के अंत में, प्रत्येक छात्र के हस्ताक्षर प्राप्त करने के बाद इसे संबंधित विभाग के प्रमुख द्वारा इसे प्रमाणित किया जाएगा और संस्थान के प्रमुख द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(iii) यह अनुमोदित उपस्थिति विश्वविद्यालय को अग्रेषित की जाएगी।

(के) यदि कोई छात्र संज्ञानात्मक कारणों से नियमित परीक्षा में उपस्थित होने में विफल रहता है, तो वह नियमित छात्र के रूप में पूरक परीक्षा में उपस्थित हो सकता है तथा नियमित परीक्षा में उसकी अनुपस्थिति को एक प्रयास के रूप में नहीं माना जाएगा।

(एल) इन विनियमों के बावजूद, -

(i) खंड 10(इ) उस छात्र पर लागू होगा जिसने भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 1986 के तहत दाखिला लिया था ऐच्छिक को छोड़कर और अनुसूची II की धारा 3 के अनुसार (अधिसूचना संख्या 18-12/2016 सिद्धा (सिलेबस यू.जी.) विनियम, 2016 के अनुसार संशोधित) 4 व्यावसायिक के साथ।।

(ii) छात्र जो भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 1986 के तहत भर्ती होने वाले छात्र, अनुसूची II के खंड 6(1)(सी), 2(सी),3(सी), 4(सी) और 4(डी) के तहत निर्धारित संबंधित व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अवसरों की अधिकतम संख्या और वर्षों की अधिकतम अवधि (अधिसूचना संख्या 18-12/2016 सिद्धा (सिलेबस यू.जी.) विनियम, 2016 के अनुसार संशोधित) उस पर लागू नहीं होगा।

10 मूल्यांकन:- छात्रों का मूल्यांकन रचनात्मक और योगात्मक मूल्यांकन के रूप में निम्नानुसार होगा-

(ए) रचनात्मक मूल्यांकन.- छात्रों को कक्षा में उनके प्रदर्शन का आकलन करने के लिए समय-समय पर मूल्यांकन किया जाएगा, कार्यक्रम सामग्री की समझ और उनके सीखने के परिणाम को निम्नलिखित तरीके से निर्धारित किया जाएगा, अर्थात्: -

(i) किसी विषय या मॉड्यूल या पाठ्यक्रम के एक विशेष भाग के शिक्षण के अंत में आवधिक मूल्यांकन किया जाएगा और निम्नलिखित तालिका के अनुसार निम्न मूल्यांकन विधियों को सामग्री के उपयुक्त के रूप में अपनाया जा सकता है, अर्थात्:

तालिका - 7

(आवधिक मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन विधियाँ)

क्रमांक	**मूल्यांकन विधि**
1.	व्यावहारिक या नैदानिक प्रदर्शन
2.	साक्षात्कार/एमसीक्यू/ एमईक्यू (संशोधित निबंध प्रश्न / संरचित प्रश्न)

3.	ओपन बुक टेस्ट (समस्या आधारित)
4.	सारांश लेखन (शोध पत्र/ संहिता)
5.	कक्षा प्रस्तुतिकरण
6.	कार्य पुस्तिका रखरखाव
7.	समस्या आधारित असाइनमेंट
8.	उद्देश्य संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई), उद्देश्य संरचित व्यावहारिक परीक्षा (ओएसपीई), लघू नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (मिनी-सीईएक्स), प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन (डीओपी), केस आधारित चर्चा (सीबीडी)
9.	पाठ्येतर गतिविधियां, (सामाजिक कार्य, सार्वजनिक जागरूकता, निगरानी गतिविधियां, खेल या अन्य गतिविधियां जो विभाग द्वारा तय की जा सकती हैं)।
10.	छोटा प्रोजेक्ट

(ii) (ए) कॉलेज या संस्थान द्वारा 6 महीने के अंत में (प्रथम अवधि परीक्षा) पाठ्यक्रम के 30% के लिए और 12 महीने (द्वितीय अवधि परीक्षा) में पाठ्यक्रम के 40% नए भाग के लिए आंतरिक मूल्यांकन किया जाएगा।

(बी) शेष 30% पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय परीक्षा से पहले पिछले 6 महीनों (तृतीय अवधि परीक्षा) में पूरा किया जाएगा;

(iii) प्रथम अवधि परीक्षा से पहले प्रत्येक विषय के लिए न्यूनतम 3 आवधिक मूल्यांकन होंगे (आमतौर पर संबंधित व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के 6 वें महीने में) द्वितीय अवधि परीक्षा से पहले न्यूनतम 3 आवधिक मूल्यांकन (आमतौर पर संबंधित व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के 12 वें महीने में) और न्यूनतम 3 आवधिक मूल्यांकन संबंधित व्यावसायिक बी.एस.एम.एस की अंतिम विश्वविद्यालय परीक्षाओ (योगात्मक मूल्यांकन) से पहले।

(iv) योजना और निर्धारण की गणना निम्नलिखित तालिकाओं के अनुसार होगी, अर्थात्: -

तालिका-8

[मूल्यांकन की योजना (रचनात्मक और योगात्मक)]

क्रमांक	व्यावसायिक सत्र	व्यावसायिक सत्र की अवधि		
		पहला कार्यकाल (1-6 महीने)	दूसरा कार्यकाल (7-12 महीने)	तीसरा कार्यकाल (13-18 महीने)
1	पहला व्यावसायिक बी.एस.एम.एस	3 पीए और पहला टीटी	3 पीए और दूसरा टीटी	3 पीए और यूई
2	दूसरा व्यावसायिक बी.एस.एम.एस	3 पीए और पहला टीटी	3 पीए और दूसरा टीटी	3 पीए और यूई
3	तीसरा (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस	3 पीए और पहला टीटी	3 पीए और दूसरा टीटी	3 पीए और यूई

पीए: आवधिक मूल्यांकन; टीटी: टर्म टेस्ट; यूई: विश्वविद्यालय परीक्षा

तालिका – 9

[आंतरिक मूल्यांकन अंकों की गणना पद्धति (20 अंक)]

अवधि	आवधिक मूल्यांकन				टर्म टेस्ट	टर्म असेसमेंट	
	ए	बी	सी	डी	इ	एफ	जी
	1 (20)	2 (20)	3 (20)	औसत (ए+बी+सी/3) (20)	सैद्धांतिक (एमसीक्यू + एसएक्यू + एलएक्यू) और व्यावहारिक (20 में परिवर्तित)	उप योग	अवधि मूल्यांकन
प्रथम						डी+ई	डी+ई/2
दूसरा						डी+ई	डी+ई/2
तीसरा					शून्य	डी	डी
अंतिम आंतरिक मूल्यांकन	**अंतिम आंतरिक मूल्यांकन: तीन टर्म के मूल्यांकन का औसत जैसा कि 'जी' कॉलम में दिखाया गया है**						

(बी) **योगात्मक मूल्यांकन:-**

(i) प्रत्येक व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. के अंत में आयोजित अंतिम विश्वविद्यालय परीक्षाएं योगात्मक मूल्यांकन होंगी।

(ii) इसमें दोहरी मूल्यांकन प्रणाली होगी और पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं होगा।

(iii) विश्वविद्यालय की प्रेक्टिकल/नैदानिक/ मौखिक परीक्षा के लिए दो परीक्षक (एक आंतरिक और एक बाहरी) होंगे।

(iv) योगात्मक मूल्यांकन के परिणाम घोषित करते समय, **तालिका 11, 13 और 15** में दिए गए अंक पैटर्न के वितरण के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन घटक और ऐच्छिक अंकों को माना जाएगा।

11 व्यावसायिक के अनुसार विषय, पत्रों की संख्या, शिक्षण घंटे और अंकों का वितरण निम्नलिखित तालिकाओं के अनुसार होगा, अर्थात्: -

तालिका – 10

(प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस विषयों के लिए शिक्षण घंटे)

प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस

कार्य दिवस= 320, शिक्षण समय = 1920

इंडक्शन कार्यक्रम = 15 कार्य दिवस (90 घण्टे)

शेष दिन और शिक्षण घंटे= 320 – 15 = 305 दिन और 1830 घण्टे क्रमशः

क्रमांक	विषय कोड	विषय का नाम	शिक्षण घंटों की संख्या		
			व्याख्यान	गैर-व्याख्यान	कुल
1.	एसआईडीयूजी-एसएटीवी	सिद्धा मारुतव अदिपद्दइ ततुवनगलुम वरलारूम (हिस्ट्री एंड फन्डामेंटल प्रिंसीपल्स आफ सिद्धा मेडिसिन)	80	160	240

2.	एसआईडीयूजी- टीएल एसआईडीयूजी- सीई	तमिल भाषा (प्रवेश के लिए अर्हता से संबंधित विनियम 4 के उप-विनियम(1) की धाराओं (बी) तथा (सी) के अनुसार लागू) / संवादात्मक अंग्रेज़ी (जहाँ कहीं भी लागू हो)	60	120	180
3.	एसआईडीयूजी- यूके	उडल कूरूगल (ह्यूमन एनाटॉमी) पेपर I और पेपर II	180	360	540
4.	एसआईडीयूजी- यूटी	उडल तत्वम (ह्यूमन फिजियोलॉजी) पेपर I और पेपर II	150	300	450
5.	एसआईडीयूजी- यूवी	उयिर वेधियल (बायोकेमिस्ट्री)	70	140	210
6.	एसआईडीयूजी- एनयू	नुन्नुयिरियल (माइक्रोबायोलॉजी)	70	140	210
		कुल	**610**	**1220**	**1830**

तालिका – 11

(प्रथम व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. विषयों के लिए पत्रों और अंकों का वितरण)

क्रमांक	**विषय**	**पत्रों**	**सिद्धांत**	**व्यावहारिक या नैदानिक मूल्यांकन**					**कुल योग**
				प्रेक्टिकल या नैदानिक	**मौखिक**	**ऐच्छिक**	**आईए**	**कुल**	
1.	सिद्धा मारुतव अदिपद्दइ ततुवनगलुम वरलारूम (हिस्ट्री एंड फन्डामेंटल प्रिंसीपल्स आफ सिद्धा मेडिसिन)	1	100	-	30	-	20	50	150
2.	तमिल भाषा (प्रवेश के लिए अर्हता से संबंधित विनियम 4 के उप-विनियम(1) की धाराओं (बी) तथा (सी) के अनुसार लागू) / संवादात्मक अंग्रेज़ी (जहाँ कहीं भी लागू हो)	1	100	-	30	-	20	50	150
3.	उडल कूरूगल (ह्यूमन एनाटॉमी) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-एफए)*	20	150	350

4.	उडल तत्वम (ह्यूमन फिजियोलॉजी) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-एफबी)*	20	150	350
5.	उयिर वेधियल (बायोकेमिस्ट्री)	1	100	100	20	10 (सेट-एफसी)*	20	150	250
6.	नुन्नुयिरियल (माइक्रोबायोलॉजी)	1	100	100	30	-	20	150	250
								कुल योग	**1500**

[* सेट: - एफए, एफबी, एफसी - पहले व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए ऐच्छिक के सेट]

तालिका – 12

(द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. विषयों के लिए शिक्षण घंटे)

द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस कार्य दिवस *=320,* शिक्षण घंटे *=2240,* जिसमें *320* नैदानिक घंटे शामिल हैं					
क्रमांक	**विषय कोड**	**विषय का नाम**	**शिक्षण घंटों की संख्या**		
			व्याख्यान	**गैर-व्याख्यान**	**कुल**
1.	एसआईडीयूजी-एमटी	मरूतुवा तावरवियल (मेडिसिनल बोटनी एंड फार्माकोगनोसी)	80	120	200
2.	एसआईडीयूजी-जीएमएम	गुणपाडम - मरूंदियल (मटेरिया मेडिका-फार्माकोलॉजी) पेपर I मूलिगइ (प्लांट किंगडम) पेपर II तादु एवं जीवम (मेटल्स मिनरल्स एवं ऐनमल किंगडल)	100	220	320
3.	एसआईडीयूजी-जीएमके	गुणपाडम - मरूनदगवियल (मटेरिया मेडिका-फार्मास्यूटिकल्स) पेपर I और पेपर II	120	280	400
4.	एसआईडीयूजी-एसएसएम एवं एनएम	सट्टम सारंध मरूतुवमुम नंजु मरूतुवमुम (फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी) पेपर I और पेपर II	120	140	260
5.	एसआईडीयूजी-एनएन 1	नोइ नाडल - I (सिद्धा पैथोलॉजी) पेपर I और पेपर II	120	200	320
6.	एसआईडीयूजी-	नोइ नाडल - II (प्रिंसीपल्स आफ मोडर्न पैथोलॉजी)	80	120	200

	एनएन 2				
7.	एसआईडीयूजी-एनएवीओ	नोइ अनुगाविधी ओझुक्कम (प्रिंसीपल्स एंड डिसिप्लिनस ऑफ डिजिज प्रिवेन्शन एंड पब्लिक हेल्थ)।	120	100	220
8.	अस्पताल या प्रयोगशाला या फार्मेसी या औषधालय आदि में नैदानिक घंटे, (प्रति दिन 1 घंटा)		-	320	320
		कुल	**740**	**1500**	**2240**

(नोट: उपस्थिति की गणना करते समय संबंधित विषय के गैर-व्याख्यान घंटों में नैदानिक घंटे जोड़े जाएंगे)

तालिका – 13

(द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. विषयों के लिए पत्रों और अंकों के वितरण की संख्या)

क्रमांक	**विषय**	**पत्रों**	**सिद्धांत**	**व्यावहारिक या नैदानिक मूल्यांकन**					**कुल योग**
				प्रेक्टिकल या नैदानिक	**मौखिक**	**ऐच्छिक**	**आईए**	**कुल**	
1.	मरूतुवा तावरवियल (मेडिसिनल बोटनी एंड फार्माकोगनोसी)	1	100	100	30	-	20	150	250
2.	गुणपाडम - मरूंदियल (मटेरिया मेडिका-फार्माकोलॉजी) पेपर I मूलिगइ (प्लांट किगंडम) पेपर II तादु एवं जीवम (मेटल्स मिनरल्स एवं ऐनमल किगंडल)	2	200	100	20	10 (सेट-एसए)*	20	150	350
3.	गुणपाडम - मरूनदगवियल (मटेरिया मेडिका-फार्मास्यूटिकल्स) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-एसबी)*	20	150	350
4.	सट्टम सारंध मरूतुवमुम नंजु मरूतुवमुम (फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी) पेपर I और पेपर II	2	200	100	30	-	20	150	350

5.	नोइ नाडल - I (सिद्धा पैथोलॉजी) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-एससी)*	20	150	350
6.	नोइ नाडल - II (प्रिंसीपल्स आफ मोडर्न पैथोलॉजी)	1	100	100	30	-	20	150	250
7.	नोइ अनुगाविधी ओझुक्कम (प्रिंसीपल्स एंड डिसिप्लिनस ऑफ डिजिज प्रिवेन्शन एंड पब्लिक हेल्थ)।	1	100	-	30	-	20	50	150
								कुल योग	**2050**

[* सेट:- एसए, एसबी, एससी - द्वितीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए ऐच्छिक के सेट]

तालिका – 14

[तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. विषयों के लिए शिक्षण घंटे]

तृतीय व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. कार्य दिवस *=320,* शिक्षण घंटे *=2240,* जिसमें *960* नैदानिक घंटे शामिल हैं					
क्रमांक	**विषय कोड**	**विषय का नाम**	**शिक्षण घंटों की संख्या**		
			व्याख्यान	**गैर-व्याख्यान**	**कुल**
1.	एसआईडीयूजी-एमएम	मरूतुवम् (मेडिसिन) पेपर I और पेपर II	160	300	460
2.	एसआईडीयूजी-वीपीएस	वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् (वर्मम, एक्सटर्नल थैरेपी एंड स्पेशल मेडिसिन) पेपर I और पेपर II	160	300	460
3.	एसआईडीयूजी-एएम	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ (सर्जरी इन्क्लूडिंग ऑपथैल्मोलॉजी, ईएनटी, डेनटिस्ट्री एंड डर्माटोलॉजी) पेपर I और पेपर II	140	270	410
4.	एसआईडीयूजी-एसएमएम	सूल तथा मागलिर मरूतुवम् (अब्स्टेट्रिक्स एंड गाईनेकोलॉजी) पेपर I और पेपर II	110	240	350
5.	एसआईडीयूजी-केएम	कुजंतइ मरूतुवम् (पेडियाट्रिक्स) पेपर I और पेपर II	110	240	350

6.	एसआईडीयूजी-आरएम	रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड मेडिकल स्टेटिस्टिकस	60	90	150
7.	अवसर मरूतुवम् (इमरजेंसी मेडिसिन और कैज़ुअल्टी)		-	60	60
		कुल	**740**	**1500**	**2240**

(गैर-व्याख्यान घंटों में **960** नैदानिक घंटों में से, एक छात्र को प्रत्येक नैदानिक विभाग में **180** घंटे (**60** दिन x **3** घंटे) और अवसारा मरूतुवम् में **60** घंटे (**20** दिन x **3** घंटे) के लिए नैदानिक पोस्टिंग/कक्षाओं से गुजरना होगा। प्रत्येक विषय के गैर-व्याख्यान घंटों में से शेष घंटे, प्रदर्शनात्मक शिक्षण के लिए आवंटित किए जाए)

तालिका – 15

[तृतीय (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस. विषयों के लिए प्रश्नपत्रों और और अंकों का वितरण]

क्रमांक	**विषय**	**पत्रों**	**सिद्धांत**	**व्यावहारिक या नैदानिक मूल्यांकन**					**कुल योग**
				प्रेक्टिकल या नैदानिक	**मौखिक**	**ऐच्छिक**	**आईए**	**कुल**	
1.	मरूतुवम् (मेडिसिन) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-टीए)*	20	150	350
2.	वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् (वर्मम, एक्सटर्नल थैरेपी एंड स्पेशल मेडिसिन) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-टीबी)*	20	150	350
3.	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ (सर्जरी इन्क्लूडिंग ऑपथैल्मोलॉजी, ईएनटी, डेनटिस्ट्री एंड डर्माटोलॉजी) पेपर I और पेपर II	2	200	100	20	10 (सेट-टीसी)*	20	150	350
4.	सूल तथा मागलिर मरूतुवम् (अब्स्टेट्रिक्स एंड गाईनेकोलॉजी) पेपर I और पेपर II	2	200	100	30	-	20	150	350
5.	कुजंतइ मरूतुवम् (पेडियाट्रिक्स) पेपर I और पेपर II	2	200	100	30	-	20	150	350
6.	रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड मेडिकल स्टेटिस्टिकस	1	100	-	30	-	20	50	150
								कुल योग	**1900**

[* सेट: - टीए, टीबी, टीसी - तीसरे (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस के लिए ऐच्छिक के सेट]

12 अध्ययन के दौरान छात्रों का स्थानांतरण :-

(1) छात्रों को प्रथम व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दूसरे कॉलेज में अपना अध्ययन जारी रखने के लिए प्रवास लेने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन असफल छात्र के स्थानांतरण और मध्यावधि प्रवास की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) प्रवास के लिए, छात्र को कॉलेज और विश्वविद्यालय दोनों की पारंपरिक सहमति प्राप्त करनी होगी और यह रिक्त सीट की सुनिश्चितता के पश्चात् होगा।

13 अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश :- (ए) (i) परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम सहित अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश की अवधि एक वर्ष होगी और सामान्यतः नियमित बैच के छात्रों के लिए अप्रैल के पहले कार्य दिवस और पूरक बैच के छात्रों के लिए अक्टूबर के पहले कार्य दिवस पर शुरू होगी।

(ii) छात्र 9 ऐच्छिक सहित पहली से तीसरी (अंतिम) व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषयों को उत्तीर्ण करने के बाद और संबंधित विश्वविद्यालयों से अंतिम प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाद और संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद से अंतिम पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश के लिए योग्य होगा।

(बी) प्रशिक्षु वेतन: विशिखानुप्रवेश के दौरान, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश के संस्थान से संबंधित प्रशिक्षु को संबंधित सरकार के तहत अन्य चिकित्सा प्रणाली के बराबर वेतन का भुगतान किया जाएगा और चिकित्सा प्रणाली के बीच कोई भिन्नता नहीं होगी।

(सी) विशिखानुप्रवेश के दौरान स्थानांतरण :- (i) विशिखानुप्रवेश कॉलेज और विश्वविद्यालय दोनों की सहमति से होगा, उस मामले में जहाँ स्थानांतरण दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कॉलेजों के बीच होता है;

(ii) यदि स्थानांतरण केवल एक ही विश्वविद्यालय के कॉलेजों के बीच होता है, तो दोनों कॉलेजों की सहमति की आवश्यकता होगी;

(iii) यथास्थिति संस्थान अथवा महाविद्यालय द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र तथा महाविद्यालय व विश्वविद्यालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र के साथ अग्रेषित किये गये आवेदन के प्रस्तुत किये जाने पर स्थानान्तरण विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

(डी) अभिविन्यास कार्यक्रम - (i) प्रशिक्षणार्थी अनिवार्य रूप से विशिखानुप्रवेश के एक अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे और विशिखानुप्रवेश शुरू होने से पहले अभिविन्यास का संचालन करना संस्थान की जिम्मेदारी होगी।

(ii) चिकित्सा अभ्यास और व्यवसाय, चिकित्सा नैतिकता, चिकित्सा-कानूनी पहलु, चिकित्सा अभिलेखों, चिकित्सा बीमा, चिकित्सा प्रमाणन, संचार कौशल, आचरण और शिष्टाचार, राष्ट्रीय और राज्य स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम के नियमों और विनियमों के बारे में प्रशिक्षणार्थी को आवश्यक ज्ञान देने के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

(iii) विशिखानुप्रवेश की शुरुआत में अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित की जाएगी और प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी द्वारा एक ई-लॉग बुक का रखरखाव किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षणार्थी अभिविन्यास के दौरान अपने द्वारा की गई गतिविधियों का दिनांक-वार विवरण दर्ज करेगा।

(iv) अभिविन्यास की अवधि सात दिनों की होगी।

(v) समय-समय पर निर्धारित अभिविन्यास के संचालन के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की नियमावली का पालन किया जाएगा।

(ई) विशिखानुप्रवेश के दौरान गतिविधियां।- (i) एक प्रशिक्षणार्थी के लिए दैनिक काम के घंटे 8 घंटे से कम नहीं होंगे; विशिखानुप्रवेश के दौरान प्रशिक्षणार्थी द्वारा का गई सभी गतिविधियों की प्रशिक्षणार्थी एक ई-लॉग बुक में शामिल रखेगा।

(ii) सामान्यतया एक वर्ष की विशिखानुप्रवेश निम्नानुसार होगी-

(ए) विकल्प I.- इसका विभाजन इस प्रकार होगा, कॉलेज से जुड़े सिद्धा अस्पताल में 6 महीने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) या ग्रामीण अस्पतालों या जिला अस्पताल या सिविल अस्पताल या आधुनिक चिकित्सा का कोई भी सरकारी अस्पताल या सिद्धा चिकित्सा या सिद्धा डिस्पेंसरी या

क्लिनिकल यूनिट ऑफ़ सेंट्रल काउंसिल फ़ॉर रिसर्च इन सिद्धा मेडिसिन (सी.सी.आर.एस) या नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ सिद्धा मेडिसिन या नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फ़ॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त सिद्धा के निजी अस्पताल में 6 महीने का नैदानिक प्रशिक्षण। केवल एनएबीएच मान्यता वाले बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) आधारित क्लीनिक विशिखानुप्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे।

(बी) विकल्प II.- कॉलेज से जुड़े सिद्धा अस्पताल में सभी 12 महीने।

(iii) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्धारित कॉलेज से जुड़े सिद्धा अस्पताल या गैर-शिक्षण अस्पतालों में, जैसा भी मामला हो 6 या 12 महीने का नैदानिक प्रशिक्षण निम्नलिखित तालिका के अनुसार आयोजित किया जाएगा, अर्थात्:-

तालिका– 16

(कॉलेज से जुड़े सिद्धा शिक्षण अस्पताल में विशिखानुप्रवेश अवधि का वितरण)

क्रमांक	विभाग	विकल्प I	विकल्प II
1.	मरूतुवम् (ओपीडी और संबंधित विशेषतायें, संबंधित आईपीडी)	45 दिन	3 महीने
2.	वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् (ओपीडी और संबंधित विशेषतायें, संबंधित आईपीडी, तोक्कनम-वर्मम पुरेमरूतुवम् थैरेपी ब्लॉक, योगा)	45 दिन	3 महीने
3.	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ (ओपीडी और संबंधित विशेषतायें, संबंधित आईपीडी, ओटी)	1 महीना	2 महीने
4.	सूल तथा मागलिर मरूतुवम् (ओपीडी और संबंधित विशेषतायें, संबंधित आईपीडी, लेबर रूम)	1 महीना	2 महीने
5.	कुजंतइ मरूतुवम् (ओपीडी और संबंधित विशेषतायें, संबंधित आईपीडी)	15 दिन	1 महीना
6.	अवसर मरूतुवम्	15 दिन	1 महीना
7.	पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल आदि, जैसा कि विनियम 14 के उप-विनियम (ई) के खंड (ii) के तहत विकल्प 1 में उल्लिखित है।	6 महीने	--------

(iv) (ए) प्रशिक्षणार्थियों को निम्नलिखित में से किसी भी केंद्र में कार्यरत किया जाएगा, जहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है और ये तैनाती राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन के संबंध में उन्मुख और ज्ञान प्राप्त करने के लिए होगी, -

(ए) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र;

(बी) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सिविल अस्पताल या जिला अस्पताल;

(सी) कोई मान्यता प्राप्त या अनुमोदित मॉडर्न अस्पताल ;

(डी) कोई मान्यता प्राप्त या अनुमोदित सिद्धा अस्पताल या औषधालय;

(ई) केंद्रीय सिद्धा चिकित्सा अनुसंधान परिषद या नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिद्धा की नैदानिक इकाई में;

(बी) खंड (ए) से (ई) में उल्लिखित सभी उपरोक्त संस्थानों को इस तरह के प्रशिक्षण लेने के लिए संबंधित विश्वविद्यालय या संबंधित सरकार द्वारा नामित प्राधिकारी द्वारा मान्यताप्राप्त होना चाहिए।

(v) प्रशिक्षणार्थी कॉलेज से संबंधित अस्पताल के संबंधित विभागों में विशेष ध्यान देते हुए निम्नलिखित गतिविधियां करेगा, अर्थात्: -

(ए) मरूतुवम् (मेडिसिन).- प्रशिक्षणार्थी को निम्नलिखित से परिचित होने और इससे निपटने में सक्षम बनाने के लिए व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) सभी नियमित कार्य जैसे केस लेना, शारीरिक परीक्षण, जांच, निदान और सामान्य चिकित्सा तक सीमित रोगों का प्रबंधन ;

(ii) रोगों के उपचार का क्रम;

(iii) नियमित नैदानिक रोग संबंधी कार्य जैसे हीमोग्लोबिन आकलन, पूर्ण हीमोग्राम, मूत्र विश्लेषण, रक्त स्मीयरों का सूक्ष्म परीक्षण, थूक परीक्षण, मल परीक्षण, नीरकुरी, नैक्कुरी, मल परिशोधनई, प्रयोगशाला डेटा की व्याख्या और नैदानिक निष्कर्ष आदि ; सभी हेमटोलॉजिकल, बायोकेमिकल, पैथोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल जांच, इमेजिंग अध्ययन और सभी आधुनिक जांच जो अनुमान निदान और मूल्यांकन के लिए उपयोगी हैं ;

(iv) सिद्धा निदान पद्धति द्वारा एनवागई थेरवू की जांच जिसमें नाडि परिशोधनई, मणिकडई नूल आदि शामिल हैं;

(v) चिकित्सा मामलों में पुरेमरूतुवम् और विशेष दवाओं का उपयोग;

(vi) नियमित वार्ड प्रक्रियाओं में प्रशिक्षण, दवाओं के मिश्रण और संयोजन, रोगियों के आहार आदतें और अनुसूची के सत्यापन के संबंध में पर्यवेक्षण;

(vii) नैदानिक रिकॉर्ड बनाए रखना।

(बी) वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् (वर्मम, एक्सटर्नल थैरेपी एंड स्पेशल मेडिसिन).- प्रशिक्षणार्थी को निम्नलिखित से परिचित होने और इससे निपटने में सक्षम बनाने के लिए व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) सभी नियमित कार्य जैसे केस लेना शारीरिक परीक्षण, जांच, निदान और वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् तक सीमित रोगों का प्रबंधन ;

(ii) वर्मम बिंदुओं का स्थान;

(iii) विभिन्न रोग संबंधी वर्मा स्थितियों का निदान, वर्म उपचार प्रक्रियाओं और तकनीकों का अनुप्रयोग;

(iv) विभिन्न पुरमरुथुवम प्रक्रियाओं/तकनीकों का अनुप्रयोग और तोक्कनम तकनीकों पर विशेष बल;

(v) फ्रैक्चर, अव्यवस्था और उनका प्रबंधन;

(vi) जराचिकित्सा देखभाल (मूपियल);

(vii) विशेष दवाओं के साथ न्यूरोमस्कुलोस्केलेटल विकारों का प्रबंधन;

(viii) मनोरोग मामलों का प्रबंधन (उलापिरलवु नोइ);

(ix) मानसिक स्वास्थ्य का रखरखाव;

(x) कायकर्पम् (रेजुविनेशन चिकित्सा);

(xi) योग, प्राणायामम और ध्यानम के चिकित्सीय अनुप्रयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण;

(xii) नैदानिक अभिलेखों का रखरखाव करना।

(सी) **कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ (सर्जरी इन्क्लूडिंग ऑपथैल्मोलॉजी, ईएनटी, डेनटिस्ट्री एंड डर्माटोलॉजी).-** प्रशिक्षणार्थी को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा कि वह निम्नलिखित विषयो में कुशल बनाने हेतु उसे सक्षम बनाए, अर्थात्-

(i) अरूवइ, अग्नि और कारम के तहत सिद्धा सिद्धांतों के अनुसार केस लेने, शारीरिक परीक्षण, जांच, निदान और सर्जिकल स्थितियों / विकारों के प्रबंधन जैसे सभी नियमित कार्य;

(ii) सिद्धा शल्य चिकित्सा उपकरणों के साथ कीटाणु नाशक और एंटीसेप्टिक तकनीकों और विसंक्रमण का व्यावहारिक प्रशिक्षण।

(iii) प्रशिक्षु शल्यक्रियापूर्व, शल्यक्रियोपरांत प्रबंध और सिद्धा शल्यक्रिया प्रक्रियाओं में शामिल होगा;

(iv) सिद्धा सर्जिकल प्रक्रियाएं जिनमें अट्टई विडल (जोंक चिकित्सा), अरूवइ (छांटना), कुरुथी वांगल (रक्तपात), सलागई (जांच), वर्ती (औषधीय बाती), ऊदल (उड़ाना), पीचु (एनीमा / डौच), उरीन्जल (चूसना), कट्टुदल (पट्टी लगाना), चुट्टीगई (दस्तीकरण), वेदु (भाप चिकित्सा), पुगई (धूमन) और कारम (कास्टिक अनुप्रयोग);

(v) स्थानीय संवेदनाहारी तकनीकों का व्यावहारिक उपयोग और संवेदनाहारी दवाओं का ज्ञान;

(vi) रेडियोलॉजिकल अध्ययन, एक्स-रे की नैदानिक व्याख्या, इंट्रा वेनस पाइलोग्राम, बेरियम मील, सोनोग्राफी, इलेक्ट्रो कार्डियो ग्राम, सीटी, एमआरआई सहित इमेजिंग अध्ययन और पीईटी-सीटी स्कैन;

(vii) आंख, कान, नाक, गला, त्वचा, दांत और शरीर के अन्य अंगों की सहायक उपकरणों से जांच, रोग का निदान और प्रबंधन;

(viii) सर्जिकल प्रक्रियाएं और नियमित तकनीकें जैसे -

(ए) ताजा चोटों की सिलाई;

(बी) घाव, जलन, अल्सर और इसी तरह की बीमारियों की ड्रेसिंग;

(सी) फोड़ा की चीरा और जल निकासी;

(डी) सिस्ट का विच्छेदन;

(ई) वेनेसेक्शन;

(एफ) गुदा-मूत्राशय रोगों में कारनूल की तैयारी और अनुप्रयोग;

(जी) प्रोक्टोस्कोप के साथ परीक्षण;

(ix) IV द्रव जलसेक और आधान प्रक्रियाओं में प्रशिक्षण;

(x) अस्पताल में संक्रमण और रोकथाम; तथा

(xi) नैदानिक अभिलेखों का रखरखाव करना।

(डी) सूल तथा मागलिर मरूतुवम् (अब्स्टेट्रिक्स एंड गाईनेकोलॉजी).- प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित होने और उन्हें निम्नलिखित का सामना के लिए सक्षम बनाने के लिए व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, अर्थात्: -

(i) सभी नियमित कार्य जैसे प्रकरण दर्ज़ करना, शारीरिक परीक्षण, जांच, निदान और प्रसूति और स्त्री रोग संबंधी विकारों का प्रबंधन;

(ii) प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर समस्याएं और उनके उपचार; प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल;

(iii) सामान्य और असामान्य प्रसव का प्रबंधन;

(iv) स्त्री रोग संबंधी/प्रसूति कक्ष उपकरणों जैसे स्पेकुलम, डाइलेटर, वलसेलम आदि को संभालने और उनके विसंक्रमण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण;

(v) लघु और प्रमुख प्रसूति शल्य प्रक्रियाएं;

(vi) अल्ट्रासोनोग्राम, आवश्यक जांच और व्याख्या पर प्रशिक्षण;

(vii) पुरेमरूतुवम् स्त्रीरोग संबंधी स्थितियों का अनुप्रयोग;

(viii) स्तन, योनि स्मीयर आदि की जांच; तथा

(ix) नैदानिक अभिलेखों का रखरखाव करना।

(ई) कुजंतइ मरूतुवम् (पेडियाट्रिक्स).- प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित होने और उन्हें निम्नलिखित का सामना के लिए सक्षम बनाने के लिए व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, अर्थात्

(i) सभी नियमित कार्य जैसे प्रकरण दर्ज़ करना, शारीरिक परीक्षण, जांच, निदान और बाल चिकित्सा मामलों का प्रबंधन;

(ii) टीकाकरण कार्यक्रम और सिद्धा प्रतिरक्षा बूस्टर के साथ नवजात बच्चे की देखभाल;

(iii) महत्वपूर्ण बाल चिकित्सा समस्याएं और प्रबंधन;

(iv) अल्ट्रासोनोग्राम, आवश्यक जांच और व्याख्या पर प्रशिक्षण;

(v) बाल चिकित्सा मामलों में पुरेमरूतुवम् का अनुप्रयोग;

(vi) नैदानिक अभिलेखों का रखरखाव करना।

(एफ) अवसर मरूतुवम् (आपत्कालीन चिकित्सा या हताहत विभाग) (मरूतुवम् विभाग के अधीन कार्य करेगा) - प्रशिक्षु को सभी आपातकालीन स्थितियों से परिचित होने और उसमें सक्षम बनने के लिए व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा और हताहत और आघात के मामलों की पहचान और उनके प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल के हताहत अनुभाग में सक्रिय रूप से भाग लेने और ऐसे मामलों को चिन्हित करके अस्पताल में रेफर करने की प्रक्रिया में भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

(vi) प्रशिक्षु को अपने नियमित कर्तव्यों के अलावा, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्धारित सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

(vii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या ग्रामीण अस्पताल या जिला अस्पताल या सिविल अस्पताल या आधुनिक चिकित्सा वाले किसी भी सरकारी अस्पताल या सिद्धा अस्पताल या औषधालय में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण.–

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या ग्रामीण अस्पताल या सिविल अस्पताल या जिला अस्पताल या आधुनिक चिकित्सा वाले किसी मान्यता प्राप्त या अनुमोदित अस्पताल या सिद्धा अस्पताल या औषधालय या केंद्रीय सिद्धा अनुसंधान परिषद की नैदानिक इकाई या नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिद्धा मेडिसिन में 6 महीने के विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षु निम्नलिखित गतिविधियाँ करेंगे-

(ए) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दिनचर्या और उनके रिकॉर्ड के रखरखाव से परिचित होना;

(बी) ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक प्रचलित बीमारियों और उनके प्रबंधन से परिचित होना;

(सी) ग्रामीण आबादी और विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए स्वास्थ्य देखभाल विधियों के शिक्षण में शामिल होना;

(डी) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या अन्य अस्पतालों के चिकित्सा या गैर-चिकित्सा कर्मचारियों के नियमित कामकाज से परिचित होना और इस अवधि में हमेशा कर्मचारियों के संपर्क में रहना;

(ई) संबंधित रजिस्टर जैसे दैनिक रोगी रजिस्टर, परिवार नियोजन रजिस्टर, सर्जिकल रजिस्टर आदि को बनाए रखने के काम से परिचित होंगे और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी रखेंगे;

(एफ) राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे; तथा

(जी) निदान, सिद्धा उपचार, बाह्य उपचार प्रक्रियाओं और सिद्धा की विशेष उपचार विधियों, सिद्धा के विशेष बाह्य रोगी विभागों (ओपीडी), और अनुसंधान में प्रशिक्षित होंगे।

(viii) इलेक्ट्रॉनिक लॉगबुक - (ए) एक निर्दिष्ट ई-लॉगबुक में एक प्रशिक्षु के लिए दिन-प्रतिदिन के आधार पर उसके द्वारा की गई प्रक्रियाओं या सहायता या निरीक्षण का रिकॉर्ड बनाए रखना अनिवार्य होगा और प्रशिक्षु काम का रिकॉर्ड बनाए रखेगा, जिसे चिकित्सा अधिकारी या उस विभाग या इकाई के प्रमुख द्वारा सत्यापित और प्रमाणित किया जाएगा जिसके तहत वह काम करता है।

(बी) संबंधित प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से डीन या प्रिंसिपल या निदेशक को विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में प्रमाणित ई-लॉगबुक प्रस्तुत करने में विफलता के परिणामस्वरूप विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम के किसी भी या सभी विषयों में उनके प्रदर्शन को रद्द किया जा सकता है।

(सी) संस्था पूर्ण और प्रमाणित ई-लॉगबुक की सॉफ्ट कॉपी अपने पास रखेगी और यह सत्यापन के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

(ix) **विशिखानुप्रवेश का मूल्यांकन**.- (ए) मूल्यांकन प्रणाली उम्मीदवार के कौशल का आकलन करेगी जबकि एक उद्देश्य के साथ सूचीबद्ध प्रक्रियाओं की न्यूनतम संख्या का प्रदर्शन करेगी कि इन प्रक्रियाओं के सफलतापूर्वक सीखने से उम्मीदवारों को अपने वास्तविक अभ्यास में इसका संचालन करने में सक्षम बनाया जा सके।

(बी) मूल्यांकन प्रत्येक पोस्टिंग के अंत में संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा और रिपोर्टों को अनुलग्नक-III के तहत प्रपत्र -1 में संस्थान के प्रमुख को प्रस्तुत किया जाएगा।

(सी) सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम सहित अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रवेश के एक वर्ष के पूरा होने पर, संस्थान के प्रमुख संबंधित तैनाती के अंत में विभाग के विभिन्न प्रमुखों द्वारा प्रदान किए गए अनुलग्नक - III के तहत निर्धारित प्रपत्र -1 में सभी मूल्यांकन रिपोर्टों का मूल्यांकन करेंगे और यदि यह संतोषजनक पाया जाता है, तो प्रशिक्षु को 7 कार्य दिवसों के भीतर अनुलग्नक- IV के तहत प्रपत्र -2 में विशिखानुप्रवेश पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

(डी) यदि किसी उम्मीदवार का प्रदर्शन अनुलग्नक-III के तहत प्रपत्र -1 के अनुसार किसी भी विभाग में मूल्यांकन 15 अंक से कम या 50% से कम अंक प्राप्त करने पर असंतोषजनक घोषित किया जाता है, तो उसे विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण और तैनाती में उस विभाग के लिए निर्धारित दिनों की कुल संख्या के 30% की अवधि के लिए संबंधित विभाग में तैनाती को दोहराने की आवश्यकता होगी।

(ई) उम्मीदवार को अपने मूल्यांकन के पूरा होने की तारीख से 3 दिनों के भीतर संबंधित विभागाध्यक्ष और संस्थान के प्रमुख को अलग-अलग मूल्यांकन के संचालन और अंक प्रदान करने के किसी भी पहलू में अपनी शिकायत दर्ज करने का अधिकार होगा, और ऐसी शिकायत की प्राप्ति पर, संस्था के प्रमुख संबंधित विभाग के प्रमुख के परामर्श से शिकायत का समाधान और निपटान 7 कार्य दिवसों के भीतर सौहार्दपूर्ण करेंगे।

(x) प्रशिक्षु के लिए अवकाश.- (ए) एक वर्ष की अनिवार्य परिभ्रामी विशिखानुप्रेवश के दौरान, 12 छुट्टियों की अनुमति है और 12 दिनों से अधिक की किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति को तदनुसार बढ़ाया जाएगा।

(बी) प्रशिक्षु एक बार में किसी भी प्रकार के अवकाश के समय में पहले या बाद में 6 दिनों से अधिक की छुट्टी नहीं ले सकता है।

(xi) विशिखानुप्रवेश का पूरा होना.- यदि अपरिहार्य वजहों के कारण विशिखानुप्रवेश के शुरू होने में कोई देरी या विशिखानुप्रवेश के दौरान असामान्य रुकावट होती है, तो ऐसे मामलों में विशिखानुप्रवेश की अवधि तीसरे (अंतिम) व्यावसायिक बी.एस.एम.एस की अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने की तारीख से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि के भीतर पूरी की जाएगी, जिसमें पहली और दूसरी व्यावसायिक परीक्षाएं और 9 ऐच्छिक शामिल हैं, जो विशिखानुप्रवेश की पात्रता के रूप में निर्दिष्ट हैं;

बशर्ते कि ऐसे मामलों में, छात्र को सभी सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में संस्थान के प्रमुख से पूर्व अनुमति लेनी होगी और अनुमति पत्र जारी करने से पहले दस्तावेजों की जांच करने और अनुरोध की वास्तविक प्रकृति का आकलन करने की जिम्मेदारी संस्थान के प्रमुख होगी। विशिखानुप्रवेश में शामिल होने के दौरान, छात्र को सहायक दस्तावेजों के साथ अनुरोध पत्र, और उप-विनियम (ए) में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों को जमा करना होगा और उप-विनियम (डी) में उल्लिखित विशिखानुप्रवेश अभिविन्यास कार्यक्रम से गुजरना होगा।

14 शिक्षण शुल्क.- संबंधित नियंत्रण समितियों या शुल्क निर्धारण समितियों द्वारा निर्धारित और नियत शिक्षण शुल्क केवल 4 ½ साल के लिए लिया जाएगा और परीक्षाओं में असफल होने की स्थिति में या किसी अन्य कारण से अध्ययन की विस्तारित अवधि के लिए कोई शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा और उसी संस्थान में विशिखानुसार करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

15 शिक्षण स्टाफ के लिए अर्हताएं और अनुभव.- (ए) आवश्यक अर्हता -

(i) एक विश्वविद्यालय से सिद्धा में स्नातक की उपाधि या इसके समकक्ष जो कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा मान्यताप्राप्त या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है;

(ii) अधिनियम के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय या विशेषता में सिद्धा में स्नातकोत्तर अर्हताएं;

(iii) संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद के द्वारा एक वैध पंजीकरण जहां वह कार्यरत है या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केंद्रीय या राष्ट्रीय पंजीकरण प्रमाण पत्र।

"यह गैर-चिकित्सा योग्यता वाले शिक्षकों के लिए लागू नहीं है,"

(iv) तमिल भाषा या अभिव्यक्तिशील अंग्रेजी, मेडिसिनल बोट्नी एवं फार्माकोगनोसी, एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, पब्लिक हेल्थ, फार्माकोलॉजी के विषयों के लिए योग्यता.- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में (नियमित) स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले शिक्षक और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद/भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (जो भी लागू हो) योग्यता रखने वाले शिक्षक भी, राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना नियुक्त किया जा सकता है; तथा

(v) सिद्धा में स्नातक डिग्री और प्रासंगिक आधुनिक विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले शिक्षक जैसा कि इन विनियमों के विनियम 16 के उप-विनियम (ए), के खंड (iv) में उल्लिखित और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम की धारा 2 के खंड (एच) के संदर्भ में और जैसा कि इन विनियमों के विनियम 9 में उल्लेख किया गया है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद/भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में योग्यता रखने वाले शिक्षक, राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

(vi) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राप्त निम्नलिखित अर्हताओं वाले शिक्षक को संबंधित विभागों में निम्नलिखित तालिका के अनुसार नियुक्त किया जा सकता है, अर्थात्:-

तालिका-17

(नियुक्ति के लिए योग्यता और विभाग)

क्रमांक	योग्यता	विभाग
1	बी.एस.एम.एस. और एमएससी एनाटॉमी	उडल कूरुगल
2	बी.एस.एम.एस. और एमएससी फिजियोलॉजी	उडल तत्वम
3	बी.एस.एम.एस. और एमएससी बायोकेमिस्ट्री	उडल तत्वम
4	बी.एस.एम.एस. और एमएससी माइक्रोबायोलॉजी	नोइ नाडल
5	बी.एस.एम.एस. और एमएससी बॉटनी	गुणपाडम - मरूंदियल
6	बी.एस.एम.एस. और एमपीएच	नोइ अनुगाविधी
7	बी.एस.एम.एस. और एमएससी फार्माकोलॉजी या मेडिकल फार्माकोलॉजी	गुणपाडम - मरूंदियल

उपरोक्त अर्हता वाले शिक्षक निर्दिष्ट विभागों में एक से अधिक नहीं होंगे।

(बी) अनुभव –

(i) **प्राध्यापक के पद हेतु -**

(ए) संबंधित विषय में नियमित शिक्षक के रूप में 10 साल का शिक्षण अनुभव या संबंधित विषय में नियमित आधार पर शिक्षक के रूप में सह-आचार्य (प्रवाचक) या रीडर के रूप में 5 साल का शिक्षण अनुभव; या

(बी) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय संस्थान या परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त अनुसंधान प्रयोगशाला के अनुसंधान परिषदों में पूर्णकालिक शोधकर्ता (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता रखने के बाद) के रूप में 10 साल का शोध अनुभव या केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं या राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष मंत्रालय (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता रखने के बाद) में 10 साल का नियमित अनुभव या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् में सहायक रजिस्ट्रार या रजिस्ट्रार के रूप में दस साल का अनुभव (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता रखने के बाद) और राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा को उसके संचालन की तारीख से उत्तीर्ण किया है कि जब से यह संज्ञान में है और निम्नलिखित तीन मानदंडों में से कोई एक होने पर, अर्थात् :-

(i) प्रतिष्ठित पत्रिकाओं (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस) में न्यूनतम पांच शोध लेख प्रकाशित; या

(ii) प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में न्यूनतम तीन शोध लेख प्रकाशित (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस) और सिद्धा से संबंधित 01 प्रकाशित पुस्तक या मैनुअल; या

(iii) किसी प्रमुख शोध परियोजना के लिए अन्वेषक; (स्वीकृत पत्र के अनुसार परियोजना की अवधि तीन वर्ष और उससे अधिक); तथा

(iv) अरूवइ मरूतुवम्, सूल तथा मागलिर मरूतुवम् के विषयों या विशेषता को छोड़कर संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता;

(i)

बशर्ते कि सेवारत उम्मीदवार ने अपनी 45 वर्ष की आयु के पूरा होने से पहले संबंधित विषय में स्नातकोत्तर पूरा कर लिया हो।

(ii) एसोसिएट प्रोफेसर के पद के लिए.-

(ए) संबंधित विषय में नियमित शिक्षक के रूप में 5 वर्ष का शिक्षण का अनुभव; या

(बी) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय संस्थान या परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त अनुसंधान प्रयोगशाला के अनुसंधान परिषदों में पूर्णकालिक शोधकर्ता (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता रखने के बाद) के रूप में 5 साल का शोध अनुभव या केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं या राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष मंत्रालय में नियमित सेवा (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता रखने के बाद) में 5 साल का नियमित अनुभव या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् में सहायक रजिस्ट्रार या रजिस्ट्रार के रूप में 5 साल का अनुभव (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता रखने के बाद) और राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा को उसके संचालन की तारीख से उत्तीर्ण किया है कि जब से यह संज्ञान में है और निम्नलिखित तीन मानदंडों में से कोई एक होने पर, अर्थात्:-

(i) प्रतिष्ठित पत्रिकाओं (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस) में न्यूनतम तीन शोध लेख प्रकाशित; या

(ii) प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में न्यूनतम एक प्रकाशित शोध लेख प्रकाशित (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस) और 01 पुस्तक या सिद्धा से संबंधित प्रकाशित मैनुअल प्रकाशित; या

(iii) अन्वेषक किसी प्रमुख शोध परियोजना के लिए (स्वीकृत पत्र के अनुसार परियोजना की अवधि तीन वर्ष और उससे अधिक) या किसी लघु शोध परियोजना के लिए (स्वीकृत पत्र के अनुसार परियोजना की अवधि तीन वर्ष और उससे अधिक); तथा

(iv) अरूवइ मरूतुवम्, सूल तथा मागलिर मरूतुवम् के विषयों या विशेषता को छोड़कर संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता;

बशर्ते कि सेवारत उम्मीदवार ने अपनी पैंतालीस वर्ष की उम्र के पूरा होने से पहले संबंधित विषय में स्नातकोत्तर पूरा कर लिया हो।

(iii) **असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए**.- किसी शिक्षण अनुभव की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन पहली नियुक्ति के समय आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए

(iv) अनुसंधान पद्धति और चिकित्सा सांख्यिकी के शिक्षक के लिए अर्हता चिकित्सा सांख्यिकी या बायोस्टैटिस्टिक्स या महामारी विज्ञान या अनुसंधान पद्धति या चिकित्सा सांख्यिकी के अन्य प्रासंगिक शास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए:

बशर्ते, सिद्धा के स्नातकोत्तर, जिन्होंने अपने स्नातकोत्तर में एक विषय के रूप में अनुसंधान पद्धति या चिकित्सा सांख्यिकी का अध्ययन किया है या सिद्धा के स्नातकोत्तर, जिन्होंने अनुसंधान पद्धति या चिकित्सा सांख्यिकी में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान द्वारा ऑनलाइन पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है वे भी अनुसंधान पद्धति और चिकित्सा सांख्यिकी के विषय को पढ़ाने के लिए पात्र होंगे और नियुक्ति के समय वरीयता दी जाएगी और अनुसंधान पद्धति और चिकित्सा सांख्यिकी के शिक्षक को अंशकालिक आधार पर नियुक्त किया जा सकता है और वह नोइ अनुगाविधी विभाग के अंतर्गत काम करेगा और ऐसे अंशकालिक शिक्षकों को शिक्षक कोड प्रदान नहीं किया जाएगा।

(v) योग प्रशिक्षक (पूर्णकालिक) के लिए योग में स्नातक की डिग्री न्यूनतम योग्यता होगी और वर्मम पुरेमरूतुवम् और सिरेप्पमरूतुवम् विभाग के तहत काम करेगा। सिद्धर योगा मरूतुवम् स्नातकोत्तर या सिद्धा में स्नातक और योग में स्नातकोत्तर वाले उम्मीदवार भी इसके लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षक के पद के लिए शिक्षक कोड नहीं होगा।

(vi) विनियम 16 के तहत उप-विनियम (ए) के खंड (iv) (v), (vi) में उल्लिखित योग्यता के साथ नियुक्त शिक्षक 7 साल के शिक्षण अनुभव के बाद एसोसिएट प्रोफेसर और 12 साल के शिक्षण अनुभव के बाद प्रोफेसर पद के लिए पात्र होंगे और ऐसे शिक्षक विभागाध्यक्ष और संस्था के प्रमुख के पद के लिए पात्र नहीं होंगे।

(vii) डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) के लिए शोध अनुभव-वास्तविक शोध अवधि यानी पाठ्यक्रम में शामिल होने से, थीसिस जमा करने की तारीख और 3 वर्षो से अधिक शिक्षण अनुभव मान्य नहीं होगा और पीएचडी सीट आवंटन पत्र, पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम में शामिल होने का प्रमाण और विश्वविद्यालय को थीसिस जमा करने के प्रमाण को इस संबंध में साक्ष्य के रूप में माना जाएगा।

(viii) शिक्षक की अस्थायी नियुक्ति या अस्थायी पदोन्नति पर पात्रता के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

(ix) शिक्षक के रूप में चिकित्सा अधिकारी की प्रतिनियुक्ति के मामले में, यह इस विनियम में निर्दिष्ट योग्यता, पदनाम और अनुभव के साथ होगा और प्रतिनियुक्ति तीन वर्ष से कम नहीं होगी और कोई भी आपातकालीन वापसी उचित प्रतिस्थापन या वैकल्पिक व्यवस्था के बाद होगी।

(x) सिरेप्पमरूतुवम् और नंजू नूलम मरूतुवम् नीधि नूलम की स्नातकोत्तर उपाधि के विभाग और नामकरण को क्रमशः पुरेमरूतुवम्, सिरेप्पमरूतुवम् और योगम् और सट्टम सारंध मरूतुवमुम नंजु मरूतुवमुम के रूप में नामित किया गया है, और इस प्रकार पुराने स्नातकोत्तर उपाधि धारक के साथ नामकरण (अर्थात् सिरेप्पमरूतुवम् और नंजू नूलम मरूतुवम् नीधि नूलम) को भी संबंधित विभाग में नियुक्त या जारी रखा जा सकता है।

(xi) नीचे दी गई तालिका कॉलम (2) के संबंधित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता की अनुपस्थिति में कॉलम (3) में उल्लिखित स्नातकोत्तर विषय / विशेषज्ञता में, योग्यता रखने वाले उम्मीदवार को संबंधित विभाग में नए सहायक प्रोफेसर के पद की नियुक्ति के लिए पात्र माना जाएगा, जो इस विनियमों की अधिसूचना की तिथि से, प्रभावी होगा।

तालिका - 18

क्रमांक	विषय	योग्य विषय/विशेषता
(1)	(2)	(3)
1	सिद्धा मारुतव अदिपद्दइ ततुवनगलुम वरलारूम	नोइ नाडल/ मरूतुवम्

	(हिस्ट्री एंड फन्डामेंटल प्रिंसीपल्स आफ सिद्धा मेडिसिन)	
2	उडल कूरूगल (एनाटॉमी)	वर्मा मरूतुवम्/ सिद्धर योगा मरूतुवम् / मरूतुवम्
3	उडल तत्वम (फिजियोलॉजी)	नोइ नाडल/ सिद्धर योगा मरूतुवम् / मरूतुवम्
4	नोइ अनुगाविधी ओझुक्कम (प्रिंसीपल्स एंड डिसिप्लिनस ऑफ डिजिज प्रिवेन्शन एंड पब्लिक हेल्थ)	सिद्धर योगा मरूतुवम् / कुजंतइ मरूतुवम्/ मरूतुवम्
5	कन, काद, मूक्कु, तोंदइ, पल तथा तोल मरूतुवम् सहित अरूवइ (सर्जरी इन्क्लूडिंग ऑपथैल्मोलॉजी, ईएनटी, डेनटिस्ट्री एंड डर्माटोलॉजी)	पुरेमरूतुवम् / सिरेप्पमरूतुवम्
6	सूल तथा मागलिर मरूतुवम् (अब्स्टेट्रिक्स एंड गाईनेकोलॉजी)	कुजंतइ मरूतुवम्

(सी) संस्थान के प्रमुख के पद के लिए योग्यता और अनुभव.- संस्थान के प्रमुख (प्रधानाचार्य अथवा अध्यक्ष अथवा निदेशक) के पद के लिए वही योग्यता और अनुभव मान्य होगा जो प्रोफेसर के पद के लिए निर्दिष्ट है न्यूनतम तीन वर्ष के प्रशासनिक अनुभव (उप प्रधानाचार्य या विभागाध्यक्ष या उप चिकित्सा अधीक्षक या चिकित्सा अधीक्षक आदि) के साथ।

(डी) वेतन- (ए) सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान या सरकारी डीम्ड विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए- वेतन और गैर-अभ्यास भत्ते सहित सभी भत्तों का भुगतान केंद्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश जैसा भी मामला हो के द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप शिक्षकों को किया जाएगा और चिकित्सा प्रणालियों के बीच वेतन संरचना में कोई विसंगति नहीं होगी।

(बी) केंद्रीय निजी डीम्ड विश्वविद्यालय या राज्य निजी डीम्ड विश्वविद्यालय सहित स्व-वित्तपोषित महाविद्यालय के शिक्षक के लिए- (i) न्यूनतम मूल वेतन निम्नलिखित तालिका के अनुसार होगा, अर्थात्: -

तालिका - 19
(न्यूनतम मासिक वेतन)

क्रमांक	पद	वेतनमान
1.	असिस्टेंट प्रोफेसर	वेतन स्तर-10, वेतन मैट्रिक्स ₹. 56,100-1,77,500 (7वें सीपीसी के अनुसार)
2.	एसोसिएट प्रोफेसर	वेतन स्तर-12, वेतन मैट्रिक्स ₹. 78,800-2,09,200 (7वें सीपीसी के अनुसार)
3.	प्रोफ़ेसर	वेतन स्तर-13, वेतन मैट्रिक्स ₹. 1,23,100-2,15,900 (7वें सीपीसी के अनुसार)
4.	संस्था के प्रमुख	वेतन स्तर-13ए, पे मैट्रिक्स ₹. 1,31,100-2,16,600 (7वें सीपीसी के अनुसार)

(ii) (ए) यह न्यूनतम निर्धारित वेतन होगा और उच्च वेतन संरचना के लिए प्रतिबंधात्मक नहीं होगा।

(बी) मासिक वेतन का भुगतान संबंधित नियोक्ता नीति के अनुसार लागू भत्तों और संबंधित संवर्ग या पद के अनुभव के वर्ष के संबंध में वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ किया जाएगा।

(सी) संस्थान जो पहले से ही उच्च वेतन संरचना का भुगतान कर रहा है, उसी के साथ जारी रहेगा।

(डी) जब भी केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) वेतनमान में संशोधन करता है, तब लागू होने वाले अनुरूप वेतन संरचना को अपनाया जाएगा।

(सी) वेतन बैंक हस्तांतरण के माध्यम से वेतन खाते में जमा किया जाएगा और शिक्षक को आवश्यक सुविधाएं जैसे भविष्य निधि या कर्मचारी राज्य बीमा, आदि कॉलेज द्वारा प्रदान किया जाएगा और शिक्षक को कॉलेज द्वारा आयकर कटौती प्रमाण पत्र जैसे प्रपत्र 16 मौजूदा मानदंडों के अनुसार जारी किया जाएगा।

(डी) कॉलेज नियुक्ति/पदोन्नति आदेश जारी करेगा जिसमें वेतन, इस्तीफे के लिए नोटिस की अवधि, शिक्षक द्वारा बनाए रखी जाने वाली न्यूनतम उपस्थिति जैसे विवरण स्पष्ट रूप से उल्लिखित होंगे।

(ई) शिक्षक की सेवानिवृत्ति की आयु- शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के आदेश के अनुसार होगी और शिक्षक पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों को 65 वर्ष की आयु तक पूर्णकालिक शिक्षक के रूप में पुन: नियोजित किया जा सकता है।

(एफ) यूनिक टीचर कोड- (i) सभी पात्र शिक्षकों के लिए एक यूनिक टीचर कोड, भारतीय चिकित्सा पद्धति के राष्ट्रीय आयोग द्वारा शिक्षक की नियुक्ति की तिथि से सात कार्य दिवसों के भीतर ऑनलाइन शिक्षक प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से कॉलेज में उनकी नियुक्ति के बाद आवंटित किया जाएगा और ऐसे सभी शिक्षकों के पदोन्नति या राहत या स्थानांतरण की सुविधा और निगरानी ऑनलाइन शिक्षक प्रबंधन प्रणाली (ओटीएमएस) के माध्यम से की जाएगी।

(ii) संस्थान और शिक्षक समय-समय पर पदोन्नति, विभाग स्थानांतरण, कार्यमुक्ति आदि के संबंध में ऑनलाईन शिक्षक प्रबंधन प्रणाली (ओटीएमएस) में प्रोफाइल अपडेट करेंगे।

(जी) आयोग के पास नैतिक और अनुशासनात्मक आधार पर शिक्षक कोड को वापस लेने की शक्ति होगी।

(एच) यदि शिक्षक अपने शिक्षण व्यवसाय को छोड़ देता है या किसी भी कारण से किसी संस्थान में शामिल नहीं होता है तो आयोग के पास यूनिक टीचर कोड को वापस लेने या रोक लगाने की शक्ति होगी और वह समय-समय पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उसी शिक्षक कोड के साथ शिक्षण व्यवसाय में वापस शामिल हो सकता है।

(आई) **शिक्षक की उपस्थिति** -शिक्षक भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित दिशा-निर्देशों और आदेशों का पालन करेगा और प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के कार्य दिवसों के दौरान कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति होगी।

(जे) संकाय सदस्य का विकास और प्रशिक्षण- शिक्षकों को प्रत्येक तीन वर्षों में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् या नामित प्राधिकारी द्वारा संचालित चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी (एमईटी) या गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) से गुजरना होगा।

16 सिद्धा में परीक्षक की नियुक्ति- संबंधित विषय में न्यूनतम 5 वर्ष के शिक्षण अनुभव वाले नियमित या सेवानिवृत्त शिक्षक के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति को जॉच के लिए पात्र नहीं माना जाएगा तथा परीक्षक के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।

रघुराम भट्ट यू, सचिव प्रभारी

[विज्ञापन-III/4/असा./684/2021-22]

परिशिष्ट 'क'

विनियम 4 (4) देखें

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) की धारा 2 के खंड (य ग) में संदर्भित "विनिर्दिष्ट दिव्यांगता" से संबंधित अनुसूची के अनुसार:-

1. शारिरिक विकलांगता

क. गतिक विकलांगता (वात रोग अथवा तंत्रिका तंत्र अथवा दोनों की यातना के परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति की अपने अथवा वस्तुओं की विशिष्ट गतिविधियों से जुडे संचलन को कार्यान्वित करने की अक्षमता) निम्न को सम्मिलित करते हुए -

(क) "कुष्ठ रोग से मुक्त व्यक्ति" से तात्पर्य है व्यक्ति जो कि कुष्ठ रोग से मुक्त हो चुका है परंतु निम्नलिखित से ग्रसित है-

(i) हाथ और पैरों में संवेदन की क्षति तथा संवेदन की क्षति तथा नेत्रों तथा पलकों में आंशिक पक्षाघात परंतु स्पष्ट विकृति न हो;

(ii) स्पष्ट विकृति तथा आंशिक पक्षाघात परंतु उनके हाथों तथा पैरों में पर्याप्त गतिशीलता हो जिससे उन्हें सामान्य आर्थिक कार्यो में लगाने हेतु सक्षम बनाया जा सके;

(iii) चरम शारीरिक विकृति एवं बढ़ी उम्र जो व्यक्ति को किसी लाभदायक व्यवसाय को करने से रोके, तथा अभिव्यक्ति "कुष्ठ रोग से मुक्त" का अर्थ तद्नुसार लगाया जाएगा;

(ख) "प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से तात्पर्य है" गैर प्रगतिशील स्नायुविज्ञान विषयक परिस्थिति का समूह जो कि शारीरिक संचलन तथा मांसपेशीय समन्वय को प्रभावित करता है, मस्तिष्क के एक अथवा अधिक विशिष्ट भागों की क्षति के कारण होता है, प्रायः जन्म के पूर्व, के दौरान अथवा तुरंत बाद होता है;

(ग) "बौनापन" से तात्पर्य है एक चिकित्सीय अथवा अनुवांशिक स्थिति जिसमें एक वयस्क की ऊंचाई 4 फीट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) अथवा इससे कम हो;

(घ) "मांसपेशीय डिस्ट्राफी" से तात्पर्य है अनुवांशिक मांसपेशीय रोग का समूह जो मानव शरीर को चलाने वाली मांसपेशियों को कमजोर करता है तथा एक से अधिक डिस्ट्राफी वाले व्यक्यिों के जीन्स में त्रुटिपूर्ण एवं लुप्त रचना होती है जो कि स्वस्थ मांसपेशीय हेतु उनके के लिए आवश्यक प्रोटीन बनाने से उन्हें रोकती है। इसके लक्षण है प्रोग्रेसिव स्केलेटल मसल्स की कमजोरी, मांसपेशीय प्रोटीन में कमियां, तथा मांसपेशीय सेल एवं टिश्यूज का समाप्त हो जाना;

(ड़) "तेजाब के प्रहार से पीड़ित" से तात्पर्य है तेजाब अथवा उसके समान संक्षारक पदार्थ फेंक कर किये गए आक्रामक हमले के कारण विकृत एक व्यक्ति।

ख. दृष्टि क्षति-

(क) "नेत्रहीनता" से तात्पर्य है एक ऐसी स्थिति जिसमें एक व्यक्ति, सबसे अच्छे सुधार के पश्चात् निम्न में से कोई एक स्थिति रखता हो -

(i) दृष्टि की पूर्णतः अनुपस्थिति; अथवा

(ii) सबसे अच्छे सुधार के साथ अच्छे नेत्र में 3/60 से कम अथवा 10/200 (स्नेल्लेन) से कम दृश्य तीक्ष्णता।

(iii) दृष्टि के क्षेत्र की सीमा 10 डिग्री से कम के कोण के सामने हो।

(ख) "निम्न दृष्टि" से तात्पर्य है, एक ऐसी स्थिति जिसमें एक व्यक्ति निम्न में से कोई एक स्थिति रखता होः-

(i) सबसे अच्छे सुधार के साथ अच्छे नेत्र में 6/18 से अनधिक अथवा 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेल्लेन) से कम दृश्य तीक्ष्णता।

(ii) दृष्टि के क्षेत्र की सीमा 40 डिग्री से 10 डिग्री तक कम के कोण के सामने हो।

ग. श्रवण क्षति-

(क) "बहरा" एक व्यक्ति से तात्पर्य है वह व्यक्ति जिसके दोनो कानों की उच्चारण आवृत्ति श्रवण क्षमता 70डीबी से कम हो।

(ख) "कम सुनाई देना'" से तात्पर्य है जिसके दोनो कानों उच्चारण आवृत्ति श्रवण क्षमता 60 डीबी से 70डीबी कम हो।

घ. ''वाक् एवं भाषा विकलांगता'" से तात्पर्य है स्वरयंत्रछिद्रीकरण अथवा वाचाघात जो कि वाक् तथा भाषा को प्रभावित करने वाली जैविक अथवा तंत्रिका संबंधित स्थिति जिसके कारण स्थाई विकृत पैदा हो।

2. बौद्धिक विकलांगताएं, दोनों बौद्धिक कार्यप्रणाली की स्थिति जिसमें (तर्क, सीखने, समस्या समाधान करने) और अनुकूल व्यवहार जो प्रत्येक दिन की सीमाओं को शामिल करता है सामाजिक तथा प्रायोगिक कौशल, की चारित्रिक स्थिति व सीमाएं जिसमें शामिल हैं '-

(क) "विशिष्ट ज्ञानार्जन विकलांगता'" विजातीय परिस्थिति समूह जिसमें बोलने अथवा लिखने में अथवा भाषा प्रसंस्करण की कमी पायी जाती है जिससे भाषा की बोध गम्यता, बोलने, लिखने, वर्तनी अथवा गणतीय गणना तथा सहित ऐसी परिस्थितियां जिसमें अवधारणात्मक विकलांगताएं, वाक् विकार (डिस्लेक्सिया), डिस्ग्राफिया, डिस्कैलकुलिया, डिस्प्रैक्सिया तथा विकासात्मक मूकरोग शामिल हैं;

(ख) "आत्म विमोह स्पैक्ट्रम विकृति" से तात्पर्य है विकासात्मक तंत्रिका शोथ परिस्थिति से है जो कि

जीवन के प्रथम तीन वर्ष के दौरान प्रकट होती है तथा किसी व्यक्ति की संवाद, रिश्ते को समझने तथा अन्य संबंधित मामलों में तथा अक्सर असामान्य अथवा रूढ़िवादी रिवाजों अथवा व्यवहार से जुड़ा होता है।

3. मानसिक व्यवहार,- "मानसिक बीमारी" से तात्पर्य है विचार, मनोदशा, अवधारणा, उन्मुखीकरण अथवा स्मृति जो कि स्थूल

रूप से निणर्य लेती है, व्यवहार, वास्तविकता पहचानने की क्षमता अथवा जीवन की सामान्य मांगों को पूर्ण करने की क्षमता, किन्तु इसमें वह परिस्थितिक बाधा शामिल नहीं है जो किसी व्यक्ति के मानसिक विकास को अवरोधित अथवा अधूरा विकास करती है, तथा जिसे विशेष रूप से बौद्धिक उप समानता द्वारा वर्गीकृत किया जाता है।

4. निम्न के कारण उत्पन्न विकलांगता:-

(क) चिरकालिक तंत्रिका संबंधी स्थितियां, जैसे कि-

(i) 'बहुल ऊतक दृढन' से तात्पर्य है शोथ, माइलिन तंत्रिका कोशिका जो कि अक्षतंतु के चारों ओर स्थित है मस्तिष्क तथा मेरूदण्ड में की क्षति के कारण तंत्रिका तंत्र के रोग जिससे मस्तिष्क तथा मेरूदण्ड की एक दूसरे से संवाद करने कि क्षमता पर विघटनकारी प्रभाव पड़ते हैं;

(ii) "पार्किनसेनिज्म रोग" से तात्पर्य है मांसपेशियों में कठोरता और धीमी, प्रभावशाली गतिशीलता, मध्यम वर्ग और बुजुर्ग लोगों से जुडी मस्तिष्क की बुनियादी गंडिका का अधःपतन का रोग तथा तंत्रिका संचरण डोपामीन का विघटन।

(ख) रक्त विकृतियां -

(i) "हीमोफीलिया'" से तात्पर्य है एक अंतर्निहित रोग जिससे पुरूष प्रभावित होते हैं किन्तु महिला द्वारा यह रोग अपने पुरूष बच्चो को प्रेषित की जाती है। जिसे सामान्य रक्त जमाव क्षमता की कमी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जिससे नवजातों में भयंकर रक्त श्राव हो सकता है।

(ii) "थैलिसिमिया'" से तात्पर्य हिमोग्लोबिन की मात्रा की अनुपस्थिति की वंशानुगत विकारों का एक समूह।

(iii) "सिक्कल सैल रोग" से तात्पर्य है रक्त संबंधी विकृति जो कि संबंधित ऊतक और अंग क्षति के कारण रक्तलाप्तता, विदारक घटनाएं तथा विभिन्न जटिलताओं की स्थिति है। यह हीमोग्लोबीन में पुर्नजीवित लाल रक्त कोशिकाओं के ऊतक कोशिकाओं के विनाश की कोशिका कला को संदर्भित करता है ।

5. मूक बधिरता सहित बहुल विकलांगताएं (ऊपर निर्दिष्ट विकलांगों में से एक से अधिक) बधिरता, अंधता सहित जो ऐसी परिस्थिति से तात्पर्य है जिसमें एक व्यक्ति को श्रवण और दृष्टि क्षति का संयोजन हो सकता है जिसमें गंभीर संचार, विकास और शैक्षणिक समस्याएं हो सकती हैं ।

6. अन्य कोई वर्गीकरण जो कि केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित की गई हों।

परिशिष्ट - "ख"

[विनियम 4(4) देखें]

बी.एस.एम.एस. में दाखिले के संबंध में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के अंतर्गत "विशिष्ट विकलांगताओं" वाले छात्रों के दाखिले से संबंधित दिशानिर्देश

1. "विकलांगता का प्रमाणपत्र", भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II खण्ड 3, उप-खण्ड (i) में संख्या सा.का.नि. 591(अ) दिनांक 15 जून, 2017 में प्रकाशित दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 के अनुसार जारी किया जाएगा।

2. किसी व्यक्ति में "विशिष्ट विकलांगता" की सीमा, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) में संख्या का.आ. 76(अ) दिनांक 04 जनवरी, 2018 में प्रकाशित दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के अंतर्गत शामिल किए गए "किसी व्यक्ति में विशिष्ट विकलांगता की सीमा आंकने के उद्देश्य के लिए दिशानिर्देश" के अनुसार आंकी जाएगी।

